अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:**

# अब मेडिकल कॉलेज में ही मिलेंगी प्लेटलेट्स, प्लाज्मा

## ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट व लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट का हुआ शुभारंभ

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** अब जरूरतमंद मरीजों को परेशान नहीं होना पड़ेगी। उनको आवश्यकतानुसार प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, रेड ब्लड सेल्स मेडिकल कॉलेज में ही उपलब्ध हो जाएंगी। यहां पर ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का विधिवत शुभारंभ समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने किया।

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के अलावा लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट का भी उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि इन दोनों अत्याधुनिक सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को अब बेहतर और त्वरित उपचार मिल सकेगा। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के माध्यम से खून को अलग-अलग घटकों जैसे प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और रेड सेल्स में विभाजित कर जरूरतमंद मरीजों को दिया जा सकेगा। इससे गंभीर बीमारियों, डेंगू तथा दुर्घटनाओं और ऑपरेशन के दौरान मरीजों को समय पर सही उपचार मिल पाएगा।



ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का उद्घाटन करते राज्यमंत्री असीम अरुण।

वहीं लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट शुरू होने से अस्पताल में ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। अब मरीजों को ऑक्सीजन के लिए बाहर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे खासतौर पर सांस संबंधी रोगों, आईसीयू और

• समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, विधायक कैलाश राजपूत ने किया उद्घाटन

गंभीर मरीजों के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी। विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज परिसर में बने कार्डियोलॉजी को भी जल्द ही शुरू किया जाएगा, जिससे हृदय रोगियों को स्थानीय स्तर पर ही उच्चस्तरीय उपचार मिल सकेगा। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि इन सुविधाओं के शुरू होने से आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के हजारों मरीजों को सीधे लाभ मिलेगा।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, प्राचार्य डॉ. सीपी पाल व सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ऑटो पलटा, मां-बेटी सहित कई लोग घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने गुरुवार को एक अनियंत्रित ऑटो पलटने से उसमें सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मां-बेटी की हालत नाजुक देख उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रायपुर निवासिनी जगवती (38) पत्नी अखिलेश शाक्य अपनी पुत्री श्वेता (25) के साथ ऑटो से रायपुर से सिकंदरपुर जा रही थी। बताया जा रहा है कि वे अपने घर के निर्माण कार्य को शटरिंग लगवाने के लिए निकली थीं। जैसे ही ऑटो सिकंदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के प्रयास में चालक नियंत्रण खो बैठा। और ऑटो पलट गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया और सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल श्वेता और जगवती को सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में घायल अन्य सवारियां अपने स्तर से निजी अस्पतालों में उपचार करा रही हैं।

## एमडीएम के खातों में जल्द पहुंचेंगे 3.59 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

• कुल 1576 विद्यालयों में अध्ययनरत 1,38,863 छात्र- छात्राओं को मिलता लाभ

**अमृत विचार।** पीएम पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना के तहत 03 करोड़ 59 लाख रुपये विद्यालयों के मध्यान्ह भोजन निधि खातों में जल्द पहुंचेगा। इस पर मुहर लग गई है।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जिले के 1006 प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कंपोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं 60 इंटर कॉलेज समेत कुल 1576 विद्यालय में एमडीएम संचालित है। इन स्कूलों में अध्ययनरत 1,38,863 छात्र- छात्राओं को मानक के तहत मध्यान्ह भोजन वितरण करने के लिए प्राथमिक स्तर में 6.78 रुपये एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 10.17 रुपये की दर से लाभ मिलता है।

### रसोइयों के खातों में 73.06 लाख रुपये जाएंगे

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों में तैनात रसोइयों के मानदेय भुगतान को स्वीकृति दे दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि रसोइयों को पीएफएमएस से सीधे उनके खातों में मानदेय भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के रसोइयों को 04 लाख 34 हजार रुपये और सामान्य एवं अन्य जाति के रसोइयों को 68 लाख 72 हजार रुपये कुल 73 लाख 06 हजार रुपये दिए जाएंगे। बीएसए का कहना है कि कुल उपलब्ध धनराशि 01 करोड़ 14 लाख 21 हजार 134 रुपये है, जिसमें 73 .06 लाख की धनराशि रसोइयों को दी जाएगी। इसके बाद 41 लाख 15 हजार 134 रुपये बचेंगे। डीएम ने रसोइयों को समय पर उनका मानदेय दिलाने को कहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को झपकी आने से बाइक खड्ड में गिरी

**सौरिख, कन्नौज।** झपकी आने से बाइक खड्ड में गिर गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सकरावा थाना क्षेत्र के नराह हविलिया निवासी सत्यवीर पुत्र जयमेश (45) बुधवार को शाम लगभग 5 बजे सकरावा की तरफ से अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही बाइक गांव वाली रोड पर पहुंची तभी उसे झपकी आ गई। इससे बाइक नीचे खड्ड में जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### ग्रामीण सत्ता पंचायती संगठन के सदस्य बने मुदमंगल

**सौरिख।** ग्रामीण सत्ता पंचायती राज्य संगठन में ग्राम प्रधान को सदस्य बनाए जाने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। जनपद कन्नौज के विकासखंड सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां के ग्राम प्रधान मुदमंगल सिंह यादव को ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन में प्रदेश संगठन ने सदस्य नामित किया। इससे ग्राम प्रधानों एवं लोगों में खुशी दिखाई दी। ग्राम प्रधान ने बताया इससे संगठन में नई ऊर्जा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य को बेहतर तरीके से कराया जाएगा और संगठन को मजबूती की ओर ले जाने में सहयोग करेंगे।



मुदमंगल सिंह।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# 1 अप्रैल से तौल कांटों का अनिवार्य रूप से कराना होगा ऑनलाइन सत्यापन

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** विधिक माप विज्ञान विभाग ने व्यापारियों के लिए नई गाइडलाइन जारी करते हुए चेतावनी दी है कि 1 अप्रैल से सभी प्रकार के कांटों, बांटों, धर्मकांटों और पेट्रोल पंपों का मूल्यांकन अनिवार्य रूप से ऑनलाइन कराना होगा। ऐसा न करने वाले व्यापारियों पर निरीक्षण के दौरान भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। जिला बांट माप अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि व्यापारियों को अब सरकारी पोर्टल uplegalmetrology.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा और निर्धारित शुल्क भी डिजिटल माध्यम से जमा करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के बाद कांटों-बांटों पर विभाग की मुहर लगवाना



व्यापारी को जानकारी देते विधिक माप विज्ञान के अधिकारी। अमृत विचार

• नई गाइडलाइन जारी, लापरवाही पर लगेगा जुर्माना

आवश्यक है। सील बंद पैकेटों पर निर्माता का नाम, पता, वजन और मूल्य स्पष्ट होना चाहिए। प्रिंटेड रेट से अधिक मूल्य वसूलने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने व्यापारियों से विभाग का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस नई पारदर्शी व्यवस्था से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा और व्यापार में निष्पक्षता आएगी। व्यापारियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम समय की भीड़ और जुर्माने से बचने के लिए तत्काल ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करें।

## बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

**सौरिख।** बच्चों के विवाद को लेकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया।

थाना क्षेत्र के नदीम चौकी के गांव टडा नगरिया निवासिनी दुर्गा देवी पत्नी लक्ष्मण जाटव ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 4 मार्च की शाम समय लगभग 3 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी हुई थी। तभी बच्चों बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही जैनू, अजय पुत्रगण हुकम सिंह बाल्मीकि, हुकुम सिंह पुत्र सुनहरी लाल, धर्मेंद्र पुत्र नामालूम दरवाजे पर आकर गाली देने लगे। जब गाली देने से मना किया तो लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोर को सुनकर बचाने आए पुत्र चंदन व पुत्रवधू ममता देवी को भी उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला का मेडिकल कराया है।

# शिव मंदिर की दानपेटी तोड़ नकदी चोरी, सीमेंट की बोरियां भी ले गए

संवाददाता, सौरिख

**अमृत विचार।** शातिर चोरों का आतंक और दुस्साहस एक बार फिर सामने आया है। जिले के एक शिव मंदिर से शातिर चोरों ने दान पेटी तोड़कर नकदी चोरी की वहीं मंदिर परिसर में ही बिजली लाइन के कार्य हेतु रखी सीमेंट की बोरियां भी ले गए।

बताते चले कि मामला कन्नौज जिले के थाना सौरिख के हरिभानपुर गांव का है। मंदिर परिसर के अध्यक्ष विनीत सिंह ने बताया कि, बीती रात मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। उन्होंने घटना को लेकर बताया कि, मंदिर परिसर में पहुंचकर ताले तोड़े गए और शिव मंदिर की दान पेटी तोड़ने के बाद उसमें मौजूद नकदी को भी पार कर दिया गया। इतना ही नहीं बिजली विभाग द्वारा 33 हजार लाइन के कार्य हेतु रखी गई सीमेंट की बोरियां जो पिछले दिनों एक ट्रक पलटने के बाद मंदिर परिसर में रखी गई थीं, इनको भी परिसर के रैन बसेरे से पार कर दिया गया।



चोरी के बाद दानपेटी के बाहर पड़े नोट।

अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर और रैन बसेरा से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके अलावा इस पर स्टे भी लगा हुआ है। ऐसे में चोरी की वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि तोड़ी गई दानपेटी के बाहर चोर दस-दस के नोट भी छोड़कर चले गए हैं। मामले कि जानकारी पर मंदिर समिति के कई लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने छिबरामऊ तहसील के एक लेखपाल पर उपरोक्त मामले में आरोप लगाया है। फिलहाल मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद जांच पड़ताल का सिलसिला जारी है। मंदिर में चोरी की वारदात से ग्रामीणों में भी हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव हैवतपुर कटरा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मौत की पुष्टि की गई। हैवतपुर कटरा गांव निवासी लालू कुमार उर्फ राकेश दोहरे (46) पुत्र धनीराम की दोपहर के समय हालत खराब हो गई। इस पर परिजन उसे लेकर आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि लालू ने पहले शराब पी। इसके बाद फंदा लगा कर आत्महत्या की।

### अज्ञात वृद्ध की दुर्घटना में मौत

**कन्नौज।** हरदोई मोड रेलबे ट्रेक पर एक वृद्ध की दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। गुरुवार को एक अज्ञात वृद्ध का शव हरदोई मोड़ पर रेलवे ट्रैक के किनारे मिला। उसे पड़ा देख लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस बुला कर उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत होना बताया जा रहा है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# अधिकारियों पर लगाया धमकाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो बच्चों के पिता व मौसेरे भाई के साथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी के लिए पंजीकरण का मामला सामने आने के बाद युवती ने अब अधिकारियों पर ही आरोप लगा दिए हैं। शिकायती पत्र समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को दिया गया है।

शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज परिसर में 23 मार्च को समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी व निकाह कराए गए। इसमें विकास खंड जलालाबाद क्षेत्र के फतेहपुर जसोदा निवासी युवती की शादी तिर्वा के मोहल्ला अंबेडकरनगर निवासी मौसेरे भाई के साथ होनी तय थी। वह दो बच्चों का पिता भी है। हालांकि

### डीएम कैंप कार्यालय के कर्मी का नाम चर्चा में आया

**कन्नौज।** प्रकरण में डीएम कैंप कार्यालय में काम करने वाले एक कर्मी का नाम प्रकाश में आया है। आरोप लगा है कि उसी का मोबाइल नंबर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रयोग हुआ है। चर्चा है कि युवती का रिश्ते में वह जीजा है। दूसरी ओर जिसके साथ शादी का पंजीकरण हुआ था वह दो बच्चों का पिता तिर्वा निवासी है। जांच के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र को उसके घर में ताला लगा मिला था।

इसकी भनक लगने व भेद खुलने के बाद से दोनों का ब्याह नहीं हुआ। इस बाबत युवती का तर्क है कि 50 वर्षीय पिता की कमर टूट जाने के बाद से वह कार्य नहीं कर पाते हैं। मां भी फालिज से पीड़ित हैं। युवती के परिवार में दो बड़े भाई हैं जो बाहर रहते हैं। कुल तीन बहने हैं जिसमें युवती को छोड़कर दो भाई व इतनी बहनों की पूर्व में शादी हो चुकीं हैं। गुरुवार को शहर स्थित रोमा स्मारक परिसर में मंत्री को पत्र देकर युवती ने कहा कि फर्जी पंजीकरण का आरोप लगाया जा रहा है जबकि उसको इस मामले की जानकारी तक नहीं थी। किसी और का मोबाइल नंबर लगा है जिससे ओटीपी मांगकर पंजीकरण किया गया। साथ ही बिना किसी जांच या सत्यापन के उसका नाम सामूहिक विवाह योजना में शामिल कर लिया गया। आज 24 मार्च को उनके घर पर कुछ लोग आए और खुद को अधिकारी बताया। कहा, जैसा कहता हूं वैसा लिखकर दे दो नहीं तो पकड़वाकर जेल भेज दी जाओगी।



रोमा स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

# रोमा समुदाय घुमंतू परंपरा से जुड़ा रहा

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

• रोमा स्मारक पर हुआ अपनी जड़ों को खोजें कार्यक्रम

**अमृत विचार।** आई.सी.एस.एस.आर. फेलो डॉ० रिमझिम सिक्खा ने रोमा संस्कृति पर तथा डॉ. रजनी सरीन, रोमा अध्ययन केंद्र, दिल्ली ने रोमा समुदाय को लेकर कहा कि समुदाय मूलतः घुमंतू परंपरा से जुड़ा रहा है। आज यूरोप में इनकी आबादी लगभग डेढ़ करोड़ है। संगीत और नृत्य इनके जीवन का अभिन्न अंग है।

दोनों ही विशेषज्ञ प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने तथा 'अपनी जड़ों को खोजें 2026' अभियान के अंतर्गत रोमा अंतरराष्ट्रीय समुदाय स्मारक, मुक्ता काशी मंच एवं राजकीय पुरातत्व संग्रहालय परिसर, कन्नौज में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की उपस्थिति में गुरुवार शाम को हुआ।

कार्यक्रम में रोमा समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। झांसी से पधारे कलाकार निशांत सिंह भदौरिया द्वारा प्रस्तुत राई नृत्य ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवयित्री अंकिता सिंह (गया, बिहार) एवं कवि कुमार विवेक (कन्नौज) ने काव्य पाठ के माध्यम से सांस्कृतिक भावभूमि को अभिव्यक्त किया।

रोमा अध्ययन केंद्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद, दिल्ली के अध्येता जमीर अनवर ने रोमा समुदाय के इतिहास, संस्कृति और वैश्विक पहचान पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। जेएनयू के शोधार्थी राम सिंह ने 'यूरोप में रोमा नागरिक अधिकार' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कन्नौज की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को रोमा समुदाय के वैश्विक इतिहास से जोड़ना जनपद के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली, जिला विकास अधिकारी श्री नरेंद्र देव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम

### समाज को शिक्षित व जागरूक रहने की सीख दी, अशोक जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की उठी मांग

# निकाली गई धम्म यात्रा, जगह- जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत



कार्यक्रम के दौरान बाइक यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार



सम्राट अशोक की जयंती पार्टी कार्यालय में मनाते सपाई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विश्व के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती पर शहर के कुशवाहा धर्मशाला में जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग हुई कि सम्राट अशोक की जयंती पर सार्वजनिक राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए।

गुरुवार को प्रदेश के कई बुद्धविहारों से पधारे बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना की तथा भगवान बुद्ध, सम्राट, अशोक के चित्र व अशोक स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद कुशवाहा धर्मशाला मकरंदनगर से पैदल बुद्ध धम्म यात्रा शुरू हुई। यात्रा बाबा कुआं, मकरंदनगर से शहर के लाखन तिराहा, ग्वाल मैदान, तिर्वा क्रॉसिंग होते हुए मकरंदनगर तिराहा से वापस कुशवाहा धर्मशाला में विश्राम हुई। इसके बाद गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें कई वक्ताओं ने दया, क्षमा, मैत्री, करुणा, विश्वबंधुत्व की बात की गई। समाज को शिक्षित व जागरूक रहने की सीख दी गई। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बैनर तले हुआ। इस अवसर पर सत्यप्रकाश कुशवाहा, शिवनाथ कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, विकास कुशवाहा एडवोकेट, शिव कुशवाहा, शोभित कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, ओम विकास कुशवाहा, रामचंद्र कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, गौरव कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, अतुल मौर्य, विजय कुशवाहा, मनोज भारत, वंशलाल कुशवाहा, विमल कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा, रामगोपाल कुशवाहा, गौतम कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, शिवा कुशवाहा मौजूद रहे।

### सपाइयों ने धूमधाम से मनाई सम्राट अशोक की जयंती

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयंती व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सपाइयों ने अपने विचार रखे। गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सम्राट अशोक महान की जयंती के पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, ऐतिहासिक चेतना और पिछड़े-दलित-आदिवासी वर्गों की राजनीतिक भागीदारी के सशक्त प्रतीक रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह नें किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष कलीम खान ने अपने वक्तव्य में कहा, हमारे पुरखे सम्राट अशोक ने समाज को जोड़ने, ज्ञान के प्रचार-प्रसार और न्यायपूर्ण शासन की आधारशिला रखी थी। समाजवादी पार्टी उन्हीं मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे एवं वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन ने सम्राट अशोक जयंती पर सार्वजानिक अवकाश कि मांग करते हुए कहा कि हम सम्राट अशोक के वंशज हैं, जिन्होंने सत्ता को जनकल्याण का माध्यम बनाते हुए अखंड भारत का निर्माण किया। आज भाजपा सरकार ऐसे महापुरुष के इतिहास को मिटाने का षड़यंत्र कर रही है। सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीव हसन एवं विधान सभा अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल ने कहा कि सम्राट अशोक ने हिंसा छोड़कर धर्म और नीति का मार्ग अपनाया। ये सभी महापुरुष शोषित, वंचित, पिछड़े और गरीब वर्गों के प्रेरणास्रोत हैं। इस मौके पर राकेश कठेरिया, शकील अहमद, सुनील दिवाकर, राकेश कटियार, आनंद बाबू यादव, विवेक पाल, नेम सिंह यादव, अजय कश्यप, आशीष यादव, नितिन यादव, शिबू कुरैशी, रजनीकांत पाल आदि म

## न्यूज ब्रीफ

### दिन दहाड़े वृद्धा से लूट

**फर्रुखाबाद।** जनपद के कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। गांव बिजाधरपुर में टहल रही एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने कुंडल लूट लिए और मौके से फरार हो गए। 75 वर्षीय राम जानकी पत्नी निवासी बिजाधरपुर अपने घर से लगभग 100 मीटर दूर छोटे लाल यादव की डेयरी के सामने शाम के समय टहल रही थीं। तभी दो बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे और अचानक महिला के कानों में पहने करीब 12 ग्राम के कुंडल नोच लिए। कुंडल नोचने के दौरान महिला के कान से खून बहने लगा, जिससे वह घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता के पुत्र संतोष पाल ने कोतवाली फतेहगढ़ में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक पर 11 केवी लाइन गिरी, युवक झुलसा

**फर्रुखाबाद।** बुधवार रात्रि रामपुर थाना क्षेत्र के लुहारी खेड़ा के पास एक युवक की चलती बाइक पर 11 केवी हाईटेंशन लाइन गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया। लुहारी खेड़ा निवासी 22 वर्षीय सबलू किसी काम से बाइक से राजा का रामपुर स्थित बाजार जा रहा था। कस्बे से कुछ दूरी पहले एक ट्रैक्टर ने विद्युत पोल में टक्कर मार दी। इससे हाईटेंशन लाइन का एक तार टूटकर सबलू के ऊपर गिर गया। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और सबलू को निजी वाहन से जिला अस्पताल लोहिया ले गए। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालांकि, परिवार के लोग उसे निजी नर्सिंग होम ले गए। बताया गया है कि सबलू के शरीर का मध्य हिस्सा काफी अधिक झुलस गया था, जिसके कारण उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नेकपुर चौरासी गांव में सोनू (40) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। गुरुवार सुबह परिजनों ने युवक को पंखे से लटका पाया, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक सानू अपनी पत्नी प्रिया तिवारी और दो बच्चों के साथ एक मकान में रहते थे। उनके माता-पिता पड़ोस के मकान में रहते हैं। बुधवार देर रात सानू घर लौटे और ऊपर के कमरे में सोने चले गए, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे नीचे सो रहे थे। गुरुवार सुबह जब सानू नीचे नहीं आए, तो परिजन उन्हें जगाने ऊपर गए। वहां उन्होंने सानू को कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया। तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# टूटे पोल पर दौड़ रही हाईटेंशन लाइन

## मानपुर रोड पर लगा बिजली का टूटा पोल दे रहा हादसे को न्योता, रोजाना इसी मार्ग से गुजरते लाइनमैन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


मानपुर रोड पर लगा टूटा हाईटेंशन बिजली लाइन का पोल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोल कुआं से मानपुर रोड पर स्थित पौधशाला के सामने रोड के किनारे टूटा लगा बिजली का पोल हादसे को दावत दे रहा है। लाइनमैन से लेकर जेई तक वहीं से निकलते हैं पर किसी की इस टूटे पोल पर नजर नहीं जा रही है। इस मार्ग से नियमित हजारों लोग आते जाते हैं।

बिजली विभाग की लापरवाही का नजारा मानपुर रोड पर लंबे समय से देखने को मिल रहा है। यहां पौधशाला के निकट मुख्य रोड पर एक हाईटेशन लाइन का पोल टूटा लगा है। पूरी तरह से झुके इस पोल से बिजली की सप्लाई जारी रहती है। लोग टूटा पोल देख कर बचते हुए निकल रहे है। लोगों का कहना है कि यहां से पूरे दिन बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी निकलते रहते हैं। शायद उनकी नजर इस टूटे पोल पर नहीं पड़ती। लोगों ने बताया कि लाइनमैन दिन में इसी पोल के निकट से निकलते हैं। वह भी इस टूटे पोल के संबंध में जेई व एसडीओ को जानकारी नहीं दे रहे हैं।

खास बात यह है कि पोल गोलकुआं- ठठिया रोड पर पौधशाला के सामने सड़क के किनारे लगा है। लोग खुद कह रहे हैं कि मुख्य मार्ग पर हाईटेंशन का लाइन का पोल टूटा होने के बाद भी विभाग इसे बदलने में लापरवाही बरत रहा है। अब लोग खुद उस की शिकायत जिलाधिकारी या बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से करेंगे। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। पता लगवाकर जल्द से जल्द पोल को बदलवा दिया जाएगा।

## मुसीबत बने स्मार्ट मीटर, बकाया जमा होने पर भी कट रही बिजली

- शहर ही नहीं गांव में भी ठेकेदार ने जबरन लगा दिये स्मार्ट मीटर

**कन्नौज।** बकाया बिल जमा होने के बाद भी स्मार्ट मीटर से बिजली कट रही है जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। शिकायत करने पर भी विभाग समस्या का निदान करने में घंटों का समय लगा रहा है।

बिजली विभाग की स्मार्ट मीटर योजना उपभोक्ताओं के लिये मुसीबत बन गई है। उपभोक्ता प्रति माह बिल जमा कर रहे लेकिन इसके बाद भी बिजली कट रही है। इस समस्या को लेकर उपभोक्ता पूरे दिन बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं। विभागीय अधिकारी पहले तो बताते की कोई फाल्ट होगा पर उपभोक्ता के बार बार कहने पर वह विश्वास करते और कर्मचारी को मौके पर भेजते हैं। इसके बाद मीटर से बिजली चालू होती है। यह कोई एक व्यक्ति की समस्या नहीं है। इस तरह की समस्या आम हो गई है। शहरी उपभोक्ता तो इससे परेशान थे ही अब गांव के उपभोक्ता भी इसी समस्या से ग्रसित हैं। स्मार्ट मीटर में बिजली आती रहती है और घर में नहीं पहुंचती। जानकारी के अभाव में गांव के उपभोक्ता मैकेनिक को बुला कर फाल्ट को ठीक कराने का प्रयास करने लगते हैं। बाद में उनको जानकारी होती है कि उनका तीन माह से अधिक का बिल बकाया होने से स्मार्ट मीटर से स्वतः बिजली कट रही है। इस के बाद वह विभागीय दफ्तर में पहुंच कर बकाया बिल जमा करते या जिन उपभोक्ता का प्रति माह बिल जमा होती रहता है वह इस समस्या को अधिकारियों के सामने रख रहे हैं। गौरी शंकर रोड निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उनके यहां विभाग की ओर से स्मार्ट मीटर लगाया गया है। वह मैसेज आने पर हर माह बिल जमा कर देते हैं। इस के बाद भी उनके मीटर से बिजली कट गई। इससे वह विभागीय अधिकारियों से मिले। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर में किसी तरह की खराबी नहीं है।


कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी से वार्ता करते भइयन मिश्रा। अमृत विचार

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष भइयन मिश्रा ने अब निजी विद्यालयों की मनमानी के विरुद्ध शंखनाद कर दिया है। गुरुवार को समाजसेवियों के फौज-फाटे के साथ उन्होंने जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह को सौंपा।

भइयन मिश्रा ने ज्ञापन में छह मांगें रखीं। जिनमें हर हालत में प्राइवेट स्कूलों में चल रही लूट को करने, जिले के प्रत्येक स्कूल में एनसीईआरटी के द्वारा संचालित पुस्तकों से अध्यापन कराने, प्राइवेट पब्लिकेशंस की पुस्तकों पर बैन लगाने, प्रतिवर्ष प्रवेश शुल्क के नाम पर वसूली बंद करने, छात्रों से प्रतिमाह ली जाने वाली फीस की रसीद में सभी मदों का उल्लेख करने की मांग की गयी है। भइयन मिश्रा ने कहा यदि ये मांगें न मानी गईं तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा व चौक पर धरना दिया जाएगा। गरीब परिवार बच्चों को मुश्किल से पढ़ पा रहे हैं आज के समय नर्सरी के बच्चे की पढ़ाई का एक वर्ष का स्कूल स्कूल का खर्चा एक लाख रुपये से अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अंगद पांडे, राजा मिश्रा, ओमनिवास पाठक आदि रहे।


मरीजों की जांच करते डॉ. मुकेश गोला। अमृत विचार

# स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का परीक्षण कर किया जागरूक

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। बीमार लोगों को परीक्षण के बाद दवा दी गई और चिकित्सक के द्वारा रोगों से बचाव की जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। चिकित्सक ने बताया कि बदलते मौसम में स्वच्छता व खानपान का ध्यान रखें।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित चकोर यज्ञशाला में बीड़ी श्रमिक अस्पताल के चिकित्सक डा. मुकेश गोला के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 150 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इसके बाद रोगियों को दवा वितरित कर बचाव की जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. मुकेश गोला ने बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी और बचाव के तरीके भी बताएं। कहा कि टीवी व सांस संबंधी रोगी चिकित्सकीय परामर्श के बाद ही उपचार लें। उन्होने स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को भी बताया। शिविर में मोहित आर्य, सिंकू प्रजापति, सचिन प्रजापति, अमित, राहुल आर्य, पवन पाल, दीपचंद्र, तनिष्क, संदीप, मनोज, विशाल, ऋषभ, विनीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दुर्गाष्टमी पर एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**फर्रुखाबाद।** दुर्गाष्टमी पर पुलिस कप्तान आरती सिंह ने थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और सुगम दर्शन व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने मंदिर परिसरों और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच की। कंट्रोल रूम पहुंचकर उन्होंने कैमरों की मॉनिटरिंग व्यवस्था को परखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर गतिविधि पर सतर्क निगाह रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए एसपी ने सादे कपड़ों में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही एंटी-रोमियो स्क्वाड को भी सक्रिय करते हुए मंदिरों के आसपास लगातार गश्त करने को कहा गया।

# अमृतपुर में भव्यता, उल्लास के साथ मनाई गई राम नवमी

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राचीन अस्तल ठाकुर द्वारा में राम नवमी का पावन पर्व बड़े ही भव्य और श्रद्धापूर्ण माहौल में मनाया गया। पूरे आयोजन में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर कोई भक्ति में सराबोर होकर झूमता नजर आया। राम नवमी का दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में कथा व्यास अरविन्द कुमार शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया, वहीं डीजे की धुन पर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं जमकर नृत्य करते नजर आए। महिलाओं की विशेष भागीदारी ने आयोजन की शोभा और बढ़ा दी।भक्तों के लिए पूड़ी, सब्जी, खीर और लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन अजय कुमार सिंह चौहान एवं सुखेंद्र सिंह द्वारा कराया गया। हर वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस बार और भी भव्य रूप में देखने को मिला, जिसमें भगवान के प्रति श्रद्धा और आस्था विशेष रूप से झलक रही थी। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने अमृतपुर में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।


रामनवमी के अवसर पर ठाकुरद्वारा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### आज निकलेगी भगवान राम की शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद।** शहर में शुक्रवार को राम नवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। शोभायात्रा शाम 5 बजे स्टेट बैंक, रेलवे रोड से प्रारंभ होकर बस स्टैंड स्थित बीएस गार्डन तक जाएगी, जहां इसका समापन होगा। आयोजन समिति द्वारा मार्ग को सजाने, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। कार्यक्रम के अंत में श्री राम रसोई के माध्यम से भगवान का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# अधिवक्ता गौरव मिश्रा बने राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के जिला महासचिव

संवाददाता, कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर के गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी के निर्देशन में राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें फर्रुखाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने संगठन का विस्तार करते हुए कायमगंज के अधिवक्ता गौरव मिश्रा को जिला महासचिव पद पर घोषणा करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिला महासचिव का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इसके बाद गौरव मिश्रा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा संगठन को पूरे जिले में मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर जिला कार्यालय प्रभारी अखिलेश अवस्थी अशोक मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा आदि रहे।


गौरव मिश्रा को मनोनयन पत्र सौंपते हुए जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी। अमृत विचार

### प्रसाद चखकर 'देवियों' ने दिया आशीर्वाद



**कन्नौज।** चैत्र नवरात्र में हर ओर देवी पूजन हो रहा है। गुरुवार को अष्टमी व नवमी दोनों ही तिथि रहीं। जिले में कहीं- कहीं कन्या पूजन व भोज कराया गया। तिर्वा में भी एक घर में शुभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पधारी कन्या रूपी देवियों ने प्रसाद चखा और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विजय कुमार, रंजना, तान्या, विराज द्विवेदी व अपूर्व मिश्र मौजूद रहे। अमृत विचार

# भूमि विवाद में आठ के विरुद्ध रिपोर्ट

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंदिर परिसर में वाटर कूलर लगाने व क्षतिग्रस्त करने को लेकर दो पक्षों के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट हुई। इसमें तीन महिलाएं घायल हो गई। पीड़ित महिलाओं ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम सराय प्रयाग निवासी रामदेवी पत्नी धर्म विजय कटियार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 मार्च की दोपहर लगभग 02 बजे वह अपने गांव स्थित घर पर थी। शिव मंदिर के पीछे उसकी खाली पड़ी भूमि पर राजीव कटियार ने आरओ वाटर कूलर लगा दिया। इसके विवाद को लेकर राजीव कटियार, टिंकू, नीलम कटियार व सौरभ कटियार ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से दिव्या कटियार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 मार्च की दोपहर लगभग 02 बजे रामदेवी, स्वाती, सोनल, कीर्ति ने मंदिर परिसर में लगे आरओ वाटर कूलर को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज की और उसे व बीच बचाव में आई उसकी जेठानी नीलम को घायल कर दिया। पुलिस ने 8 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### चार लोगों को मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों ने दरवाजे पर आकर बिना वजह गाली गलौज की और घर में घुस कर चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम इस्माईलपुर निवासी जुलेखा बेगम पत्नी मिनाज ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 मार्च की दोपहर लगभग 12 बजे उसके परिवार के चांद खां, जब्बार, जैनब, जेंबा ने उसके दरवाजे पर आकर बिना वजह उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर जबरन घर में घुस आए और उसे व उसके पति मिनाज, जेठ कासिम और पुत्र हसनैन को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

**विकास कार्य** | सांसद रमेश अवस्थी के प्रयासों से 150 बीघा में होगा विकास कार्य

# कुठला झील का होगा कायाकल्प, बनेगा पर्यटन स्थल

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** जिले में पर्यटन विकास को नई गति देने की दिशा में एक बड़ी पहल आकार ले रही है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण लगभग 150 बीघा में फैली कुठला झील अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक भव्य पर्यटन हब के रूप में विकसित की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने में स्थानीय निवासी व कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी के प्रयासों की अहम भूमिका बताई जा रही है, जिनकी पहल पर झील के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई गई है।


कुठला झील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएफओ राजीव कुमार, पर्यटन निदेशक दीप्ति, वरिष्ठ खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लगभग एक घंटे तक चले निरीक्षण में अधिकारियों ने झील के चारों ओर भ्रमण कर स्थल की वर्तमान स्थिति, संभावनाओं और विकास की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कुठला झील का वाटरफ्रंट डेवलपमेंट करते हुए इसे एक आकर्षक, सुव्यवस्थित और पर्यटक अनुकूल स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही झील के चारों ओर व्यापक स्तर पर हरियाली बढ़ाने, लैंडस्केपिंग करने तथा हाईमास्ट/हैमरस लाइटिंग की व्यवस्था कर इसे दिन के साथ-साथ रात्रि में भी दर्शनीय बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए सांसद और जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# 1 अप्रैल से स्कूल चलो अभियान रैलियां निकाल करेंगे जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सदर क्षेत्र के एक विद्यालय में होगा जिलास्तरीय कार्यक्रम
- अभियान की सफलता के लिए बीएसए ने बनाई रणनीति

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान- 2026 की रैलियां निकाली जाएंगी। यह सिलसिला एक से 15 अप्रैल तक चलेगा। साथ ही जिलास्तरीय कार्यक्रम भी सदर बीआरसी इलाके के किसी एक स्कूल में होगा।

बीएसए संदीप कुमार ने अभियान की सफलता के लिए कार्यालय में रणनीति बनाई है। उन्होंने बताया कि परिषदीय स्कूलों में बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन कराने पर जोर रहेगा। इसके लिए सभी ब्लॉक क्षेत्रों में गाड़ी से योजना का प्रचार-प्रसार भी होगा। साथ ही विभाग की योजनाओं के पंफलेट भी वितरण किए जाएंगे। इसमें बच्चों को विद्यालय में निशुल्क मिलने वाले मिड-डे मील, फल, डीबीटी का 1200 रुपये, दूध, गुड़, चना व चिक्की का जिक्र है। साथ ही पीएमश्री स्कूल, केजीबीवी, आत्म रक्षा प्रशिक्षण, लर्निंग बाय डूइंग, खेलकूद, इंस्पायर, अवार्ड, विद्याज्ञान, नवोदय अटल आवासीय योजनाओं के बारे में बताया गया है। इनके होर्डिंग भी लगाए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि किसी एक परिषदीय विद्यालय का चयन कन्नौज विकास खंड क्षेत्र में किया जाना है। उसमें जिलास्तरीय स्कूल चलो अभियान का कार्यक्रम पहली अप्रैल को होगा। इसमें आलाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बच्चों के कार्यक्रम भी होंगे। छात्र- छात्राओं के बने पटुके से अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।

## बीएलओ, सुपरवाइजर्स को 18.39 लाख का बजट

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि जनपद में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर्स के लिए फरवरी का पारिश्रमिक (मानदेय) आ गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश ने 18 लाख 39 हजार 500 रुपये भेजे हैं। विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)- 2026 के तहत जनपद कन्नौज की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 196- छिबरामऊ, 197- तिर्वा व 198- कन्नौज (अ.जा.) में कुल 1598 बीएलओ एवं 161 सुपरवाइजर नियुक्त हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रति बीएलओ 1000 रुपये तथा प्रत्येक सुपरवाइजर को 1500 रुपये की दर से पारिश्रमिक बैंक खातों में जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### युवती को भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बेला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। तहरीर के अनुसार 18 मार्च की शाम करीब 4 :30 बजे 20 वर्षीय युवती को गांव का ही एक युवक अपने साथ ले गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि युवती अपने साथ लगभग 3 लाख रुपये नकद और जेवर भी ले गई है। मामले में कुछ अन्य लोगों पर भी सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है कि युवती की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

### दुकान से सामान लेने निकली युवती लापता

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र में एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने युवती के अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कुदरकोट निवासी मोहम्मद इंतजार पुत्र जुम्मन खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन शहरोजवानो 28 वर्ष सोमवार दोपहर करीब 1 बजे घर से दुकान पर सामान लेने गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन करीब छह माह पहले एक व्यक्ति अली अहमद रजा से मोबाइल पर बातचीत करती थी, जिस पर उसे शक है कि वही उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

फफूंद ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिरैयापुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को विधि-विधान से समापन हो गया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन से बाद गुरुवार सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया। दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे की शुरुआत क्षेत्र व आसपास स्थित मंदिरों के पुजारियों, संत-महात्माओं तथा कस्बे की कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर की गई।

# बनारसीदास मोहल्ले में सफाई व्यवस्था चरमराई

कार्यालय संवाददाता, औरैया


विरोध-प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

- नियमित सफाई न होने से लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला बनारसीदास में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नियमित रूप से सफाई कर्मचारी न आने के कारण पूरे इलाके में गंदगी का अंबार लग गया है। नालियां कचरे और गंदगी से पटी पड़ी हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। मोहल्ले के निवासियों का आरोप है कि सफाई कर्मी दो से तीन दिन तक क्षेत्र में नहीं आते। जिसके चलते घरों से निकलने वाला कूड़ा भी इकट्ठा होता रहता है। मोहल्ला निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि सफाई व्यवस्था की अनियमितता के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में कूड़ा जमा रहने से बदबू और संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। विमला पांडे ने बताया कि नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण वे पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। गंदगी के कारण तेज दुर्गंध उठ रही है और गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

सफाई नायक अंकित पर भी मोहल्लेवासियों ने मनमानी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र बड़ा होने का बहाना बनाकर सफाई कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। सफाई नायक का कहना है कि क्षेत्र का दायरा बड़ा है इसलिए हर गली की सफाई दो से तीन दिन में ही संभव हो पाती है। इस मामले में जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम आसरे कमल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समस्या की जानकारी उन्हें मिल गई है और जल्द ही इसका समाधान कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल मोहल्ले के लोग नगर पालिका से जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें गंदगी और उससे उत्पन्न समस्याओं से राहत मिल सके।

# शादी के सात दिन बाद प्रेमी संग फरार हुई नवविवाहिता

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- प्रेमी संग थाने में हुई हाजिर कोर्ट मैरिज का किया गया दावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलपी गांव निवासी इंद्रा पाल की पुत्री वंदना शाक्य का विवाह 9 मार्च को भरथना थाना क्षेत्र के कुसना गांव निवासी शिवम शाक्य पुत्र अरविंद शाक्य के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था।

13 मार्च को चौथी की रस्म के बाद वंदना अपने मायके एलपी गांव आई थी। इसी बीच 16 मार्च की रात वंदना अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह बिधूना थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव निवासी अपने प्रेमी विकास शाक्य पुत्र सत्य नारायण के साथ चली गई है। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि पुलिस का दबाव पड़ने पर नवविवाहिता प्रेमी के साथ गुरुवार को थाने में हाजिर हो गई।विवाहिता ने बताया पहले से ही प्रेमी से प्यार करते थी और कोर्ट में शादी कर ली है। थाना पर गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# अछल्दा नहर पुल निर्माण ने पकड़ी गति, मिलेगी राहत

## निचली गंगा नहर पर 3.15 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा नया पुल

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)


पुल के पास की जाती सफाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में निचली गंग नहर पर नए पुल के निर्माण की तैयारियां तेज हो गई हैं। अंग्रेजों के समय का जर्जर पुल बड़े वाहनों के लिए अक्सर जाम का कारण बनता था। स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद अब इस महत्वपूर्ण परियोजना पर काम शुरू हो गया है।

गुरुवार सुबह 8 बजे पुल निर्माण स्थल पर साफ-सफाई का कार्य शुरू किया गया। यह नया पुल लगभग 3.15 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। यह नया पुल पुराने और असुरक्षित पुल के पूर्वी साइड समानांतर बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा। गुरुवार को निर्माण स्थल पर प्रारंभिक तैयारियां शुरू की गईं। टाटा हिताची की एक्स्कवेटर मशीन का उपयोग कर पुल के आसपास साफ-सफाई की गई और झाड़ियों को हटाकर जमीन को समतल किया गया। यह कार्य सिंचाई विभाग की देखरेख में हो रहा है। भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए पहले ही हाईटगेज लगाए जा चुके हैं। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि नए पुल से क्षेत्र में आवागमन आसान होगा और विकास को गति मिलेगी। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि साफ-सफाई के बाद जल्द ही निर्माण कार्य की अगली प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# ससुराल पक्ष पर विधवा के उत्पीड़न का मामला दर्ज

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के नहर बाजार में एक विधवा महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर कई महीनों से मारपीट और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता सारिका वर्मा पत्नी धर्मेंद्र सोनी के अनुसार पति की मृत्यु के बाद से ही देवर व अन्य ससुरालीजन उसे लगातार परेशान कर रहे हैं।

सारिका वर्मा ने बताया कि पति की मौत के बाद संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया। बताया देवर संजीव सोनी, ननद मोनिका सोनी व सोनम तथा सास शांति देवी उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके घर का बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया, जिसके चलते वह पिछले चार महीनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। इससे उनके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत पर बिजली विभाग की टीम ने मीटर लगाया उसे भी ससुरालियों ने तोड़ दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिधूना


बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रैपिड ग्लोबल स्कूल में रैपिडियन लिटिल स्टार्स का कार्यक्रम आयोजित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कमलेश पाण्डेय प्रधानाचार्य हायर सेकेंड्री स्कूल लखनऊ, एक्जू. डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, एजू. डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत दीक्षित के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर गणेश वंदना के साथ नन्हें-मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें देश भक्ति नृत्य, पंजाबी नृत्य व हरियाणवीं नृत्य आदि शामिल थे। पीजी कक्षा के नौनिहालों ने यौगिक क्रियाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के एक्जू. डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि रैपिड ग्लोबल स्कूल में केजी कक्षा के लिए यह समारोह आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि किंडर गार्डन रैपिड ग्लोबल स्कूल की सफलता के परचम में अलग-अलग तरीके में क्रियाकलापों का महत्वपूर्ण भाग रहा है।

इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया। जबकि उनकी माताओं (सुपर मॉम) को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया । द्वितीय कक्षा के वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दीक्षांत गणवेश पहनाकर मंच पर सामूहिक चित्र लिया गया । एजू. डायरेक्टर दीप्ति कमल राठौर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि अपनी काबिलियत को पहचान कर बेहतर इंसान बनने और प्रतिस्पर्धा में स्वयं को निरंतर बनाए रखना ही आपका परम लक्ष्य होना चाहिए। अंत में विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत दीक्षित ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों और संयोजक समूह को प्रोत्साहित किया ।

# कुदरकोट थाने में कन्या पूजन कर कराया भोजन

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर थाना कुदरकोट परिसर में कन्या पूजन किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने कन्याओं का पूजन कर नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया। गुरुवार को अष्टमी के शुभ अवसर पर थाना परिसर में कन्या भोज आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने नौ कन्याओं के पैर पखारकर विधि-विधान से उनका पूजन किया। पूजन के बाद कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और उन्हें उपहार व दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने कहा कि नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की महत्ता और उनके सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि कन्याएं साक्षात देवी का स्वरूप होती हैं और उनका पूजन करना सौभाग्य की बात है।


कन्या पूजन करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

# भागवत जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग

संवाददाता, बेला


कथा सुनते श्रद्धालु।


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के प्राचीन काली माता मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 8वें एवं समापन दिवस पर गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण भक्ति एवं उत्साह से सराबोर नजर आया।

कथावाचक गोविंद शास्त्री ने अंतिम दिवस पर कथा का सार प्रस्तुत करते हुए भगवान की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। कथा हमें सत्य, प्रेम, त्याग और सेवा का संदेश देती है, जिसे अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। कथा के समापन पर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए और पूरे परिसर में भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि गूंजती रही। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। यजमान परीक्षित भूपेंद्र सिंह व उनकी पत्नी स्नेहलता ने विधिवत पूजन कर कथा का समापन कराया और सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।आयोजकों ने जानकारी दी कि हवन एवं विशाल भंडारा शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुओं से पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया।

### भागवत कथा में सुनाई हरिश्चंद्र की मार्मिक कथा

**अछल्दा(औरैया)।** क्षेत्र के ग्राम गांसीपुर में चल रही चौथे दिन की श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक मुकेश शास्त्री ने सत्य और धर्म की मिसाल माने जाने वाले राजा हरिश्चंद्र की मार्मिक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनते ही पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथावाचक ने बताया कि राजा हरिश्चंद्र ने सत्य के पालन के लिए अपना राजपाट, धन-दौलत और यहां तक कि अपने परिवार का भी त्याग कर दिया, लेकिन उन्होंने कभी भी सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने धर्म और ईमानदारी का साथ नहीं छोड़ा, जिससे उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा बना हुआ है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सत्य, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का रसपान किया। अंत में भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जयवीर यादव, पुष्पेंद्र यादव, अनिल, लक्की, सत्यवीर, जितेंद्र, देवेंद्र यादव मौजूद रहे।

# दबंगों ने पिता और पुत्र को मारपीट कर किया घायल

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के ग्राम कठगौर में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा एक ही परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में पिता और उसके दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल से सैफई रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कठगौर निवासी शिवम कुमार पुत्र शिवकुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 21 मार्च की सुबह करीब 7:30 बजे वह ग्राम प्रधान के घर के सामने से गुजर रहा था। तभी गांव के ही गौरव कुमार, रतनेश उर्फ लालू, रोहताश उर्फ शीलू, सुरेशचन्द्र, जयवीर सिंह, मुकेश बाबू, राजेश उर्फ बबलू, अजीत उर्फ भीम सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उसके पुत्र शिवम और अर्जुन को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीट दिया। घटना के दौरान गांव के अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इस हमले में ग्राम प्रधान के परिजनों की भी भूमिका रही है और उनके उकसाने पर ही मारपीट की गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल चिचौली ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सैफई रेफर कर दिया गया। पीड़ितों की स्थिति अभी भी नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे परिवार दहशत में है। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

**नवरात्रि** | अष्टमी पर महिलाओं ने की माता की विशेष पूजा-अर्चना, हलवा-पूड़ी का भोग लगाया

# मंदिरों में तड़के से देररात तक गूंजे माता के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, औरैया


मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार


थाना परिसर में कराया कन्या भोज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्रि की अष्टमी के तहत गुरुवार को घरों और देवी मंदिरों में तड़के से ही माता की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। महिलाओं ने अष्टमी पूजा की, माता को हलवा पूड़ी का भोग लगाया। इससे सारा दिन माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई।

बिधूना संवाददाता के अनुसार ऐतिहासिक दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के चार बजे से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। अष्टमी की शाम को आयोजित महाआरती मे भारी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समूचे दिन से लेकर रात्रि तक मंदिर परिसर ''जय माता दी'' के जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर परिसर में बधाइयां देने वालों की भी भारी भीड़ जमा रही और उन्होंने गाजे बाजे के साथ बधाइयां डाली। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि- विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि जनकल्याण हेतु विशेष महापूजा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ मां की आराधना करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नवरात्रि में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है।

### अष्टमी पर थाना परिसर में कराया कन्या भोज

**अछल्दा (औरैया)।** नवरात्रि के अष्टमी पर्व के अवसर पर थाना अछल्दा में श्रद्धा और भक्ति के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने 9 देवियों के रूप में छोटी-छोटी कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया। कार्यक्रम में कन्याओं के चरण पखारकर उन्हें माता का स्वरूप मानते हुए चुनरी ओढ़ाई गई और उपहार भी भेंट किए गए। थाना प्रभारी ने कन्याओं का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस मौके पर थाना स्टाफ भी मौजूद रहा और सभी ने श्रद्धा भाव से कन्या पूजन में भाग लिया।

# महागौरी की चैतन्य झांकी के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,फफूंद


नवरात्रि महोत्सव में सजी झांकी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के फफूंद में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर चमनगंज में भक्ति और शक्ति की बयार बह रही है। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा नगर में आयोजित नौ दिवसीय ''चैतन्य नौ देवी झांकी'' के आठवें दिन माता महागौरी के अलौकिक स्वरूप के दर्शन कराए गए। चैत्र मास की शुरुआत के साथ ही देवी भक्ति के रंग में रंगे नगर फफूंद में जैसे ही झांकी के पट खुले, पूरा वातावरण माता रानी की जय और सांचे दरबार की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। झांकी स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता महागौरी सौम्य एवं वीर मुद्रा ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों से सजे दरबार में भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए और पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। सेवा केंद्र की फफूंद मुख्य प्रभारी रिया बहन ने इस अवसर पर देवी के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा, चैत्र नवरात्रि का पर्व हमें अपने पुराने संस्कारों को त्याग कर नवीनता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दौरान नगर के प्रमुख समाजसेवी और सहयोगी आशीष पोरवाल, कुलदीप, अश्वनी, गौरव और राजेश आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### यूथ पार्लियामेंट का हुआ आयोजन

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए यह आयोजन विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संवैधानिक चेतना तथा राष्ट्रीय दायित्व बोध को विकसित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.घनश्याम दास व नोडल अधिकारी डॉ.शिल्पी राय ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आनंद द्विवेदी ने अत्यंत प्रभावशाली, ऊर्जावान एवं गरिमामय शैली में किया। जिससे पूरे आयोजन में संसदीय वातावरण की अनुभूति हुई।

### टयूबवेल की कोठी में मिला वृद्ध का शव

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के गिरवर गांव में एक वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। शव खेत में लगे एक ट्यूबवेल की कोठी में पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गिरवर गांव निवासी लखन (70) पुत्र दयाराम के रूप में हुई है। लखन अविवाहित थे और गांव के ही धन सिंह के यहां मजदूरी करते थे तथा वहीं निवास करते थे। परिजनों ने बताया कि लखन पर कुछ मुकदमे भी चल रहे थे। बुधवार को मझगवां थाना पुलिस लखन को एक नोटिस तामील कराने के लिए गांव आई थी। परिजनों ने लखन की मृत्यु को लेकर संदेह व्यक्त किया है और इसकी विस्तृत जांच की मांग की है।

### जयंती पर याद किये गये सम्राट अशोक

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बौद्ध विहार पठानपुरा गंज में भारत के सम्राट, परिदर्शी, सम्राट अशोक महान की 2330 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने अशोक के जीवन प्रसंगों पर विस्तार से जानकारी दी। मुन्ना लाल बौद्ध पवई ने कहा कि अशोक का जन्म 304 ईसा पूर्व पाटिलपुत्र पटना में हुआ था। माता का नाम शुभ्रदांनगी व पिता का नाम बिंदुसार था। अशोक के बाबा चन्द्रगुप्त मौर्य थे, जो मौर्य वंश के संस्थापक थे। सम्राट अशोक ने कलिंग पर विजय प्राप्त की जो दुनिया की सबसे बड़ी विजय थी। इस मौके पर गया प्रसाद बसेला, लक्ष्मी प्रसाद, जानकी प्रसाद, हेमंत कुमार, जीतेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, सत्यम, दयानन्द, ज्ञानेंद्र धर्मवीर सहित अन्य लोग रहे।

### नेत्र शिविर में 14 मरीज मोतियाबिंद के मिले

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के बाजार मोहाल के रामलीला मैदान में डॉक्टर राम भजन सिंह की देखरेख में सुबह 9:00 से 1:00 बजे तक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के जानकी कुंड से आई टीम के डॉक्टर महेंद्र मिश्रा ने 65 मरीजों की आंखों की जांच की। जिसमें मोतियाबिंद से पीड़ित 14 मरीज मिले। मरीजों को उपचार व आपरेशन के लिए टीम जानकी कुंड ले गई है। वहीं अन्य मरीजों को दवा आदि वितरित की गई। उधर मरीजों की देखरेख सेवा किए जाने के लिए समाजसेवी रामभजन सिंह साथ में जानकी कुंड गए हैं।

### सियार से टकराई बाइक, दो युवक गंभीर

**मौदहा।** क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर निवासी अमित कुमार (20) व उसका छोटा भाई आशीष (17) बुधवार की रात बाइक द्वारा गांव लौट रहे थे। तभी मौदहा पिपरौदा के बीच अचानक सड़क पर सियार आने से उनकी बाइक उससे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों भाई घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गर्म दूध में गिरने से बालक झुलसा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मराठीपुरा निवासी संजय का 8 वर्षीय पुत्र सूर्या गुरुवार दोपहर घर में खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक चूल्हे पर पक रहे गर्म दूध के भगोने की चपेट में आ गया। हादसे में बालक बुरी तरह झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्साधिकारी ने बताया कि बालक काफी हद तक झुलस चुका है, जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

# श्रद्धा के साथ घर-घर हुआ महागौरी का पूजन

- कई स्थानों पर जवारा जुलूस निकाल कर सांगों का किया गया प्रदर्शन
- श्रद्धालुओं ने घर-घर कन्याओं को खिलाया व दिये उपहार

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर



कन्या भोज करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी पर मुख्यालय सहित पूरे जनपद में मां महागौरी का पूजन किया गया। वहीं जगह जगह कन्या पूजन का आयोजन हुआ। नगर के सुभाष बाजार स्थित दुर्गा पंडाल में विशाल कन्या भोज का आयोजन हुआ। वहीं सुबह शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हो रहे है। रात में जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं नगर के चौरादेवी मंदिर में महिलाओं ने पूजा अर्चना करने के साथ खीर पूड़ी से अठवाई भरी और सुख समृद्धि की कामना की।

सुमेरपुर संवाददाता के अनुसार कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महागौरी का पूजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। महिलाओं ने मां के शक्तिपीठ पहुंचकर खीर पूड़ी से अठवाई भरी और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर घर-घर कन्या भोज आयोजित किए गए। क्षेत्र के ग्राम बांक, बिलहड़ी, बांकी में शाम को गाजेबाजे के साथ भव्य जवारे निकालकर जवारों का विसर्जन मौहर देवी मंदिर प्रांगण के तालाब में किया गया। जवारे देखने के लिए पलरा, विदोखर, नदेहरा, धरमपुर, कलौली जार आदि गांवों के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी हुई थी। जवारे मेले में देवी भक्तों ने सांगों का जोरदार प्रदर्शन किया। जिसको देखकर दर्शक अवाक रह गए।

बिवांर संवाददाता के अनुसार चैत्र नवरात्रि के शुरू होने पर गांव के घरों में दो दर्जन से अधिक जावरा बोई गई थी। गुरुवार को अष्टमी पर ग्रामीणों ने घोड़ा बैंड बाजा के साथ शाम 4:00 बजे से जवारा जुलूस निकाला। वहीं देवी भक्तों ने भारी भरकम सांगों को गालों में छिदवाकर प्रदर्शन किया। जवारा जुलूस में महिलाएं सिर में जावरा के खप्पर रखकर देवी गीत को गाते हुए चल रही थी। जवारा जुलूस देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ एकत्र बनी रही। देवी मां के जयकारों से रास्ताओं के साथ देवी मंदिर गुलजार बने रहे हैं समूचे गांव वासी भक्ति रस में डूबे रहे।

पौथिया संवाददाता के अनुसार नवरात्र की अष्टमी को सुबह महिलाओं ने अष्टमी पूजन कर मंदिरों में माथा टेका। वहीं शिकरी सहुरापुर गांव में जवारा जुलूस निकाला गया। गांव में अलखराम व सीताराम के दरवाजे से जवारों का जुलूस निकालकर गांव के देवी-देवता का भ्रमण करते हुए प्राथमिक विद्यालय के पास काली माता बड़ी देवी मंदिर के तालाब में जवारों का विसर्जन किया। इस मौके पर संदीप दीक्षित, संजय पाल प्रधान प्रतिनिधि, रमाशंकर, भोला, संतोष दीक्षित, पप्पू सिंह सहित समस्त ग्राम वासियों का विशेष योगदान रहा।

वहीं बेतवा नदी किनारे स्थित सहुरापुर गांव में जवारा जुलूस निकाला गया। जिसमें अचरी गायन, घोड़े नृत्य के साथ भक्तगण मुंह में सांग लिए नृत्य करते हुए बेतवा नदी में जवारों का विसर्जन किया। इस मौके पर विजय बहादुर, मानसिक, मनोज, चौधरी, रमेश जगपाल, पप्पू विश्वकर्मा चुन्नू सिंह कक्कू सिंह राम बहादुर सिंह रामबिहारी उपस्थित रहे।



सहुरापुर गांव में जवारा जुलूस में शामिल युवतियां। अमृत विचार



देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते लोग। अमृत विचार

## पांच दिन बाद गुरुवार को मिलेगी गैस की खबर से उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

# गैस सिलेंडर पाने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

संवाददाता, मौदहा हमीरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में पांच दिन बाद गुरुवार को गैस सिलेंडर वितरित होने की खबर से गैस के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी रही है। जिससे कि वितरण स्थल पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

कस्बा सहित क्षेत्र में विगत एक पखवाड़े से गैस सिलेंडरों के लिए उपभोक्ताओं में खासी उठा पटक मची हुई है। आने वाले दिनों में गैस के दाम बढ़ने और उसकी बड़ी किल्लत होने की तमाम आशंकाओं और अफवाहों के चलते लगातार माहौल बिगड़ रहा है। इसके चलते उपभोक्ताओं में अधिक से अधिक गैस सिलेंडर लेने की होड़ लगी है। इस होड़ में इनकी भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इधर बीते पांच दिन बाद गुरवार को कस्बे के मीरा तालाब के मैदान पर गैस वितरण होने की खबर पाकर सैकड़ों उपभोक्ता यहां सुबह से ही लम्बी कतारों में लग गए थे। भीड़ के चलते यहां पर अफरातफरी मची रही है। जिसमें अराजकता की आशंका बनी रही है। बताते चलें कि एजेंसी धारक उपभोक्ताओं से डोर टू डोर गैस सिलिंडर पहुंचाने का पैसा ले रहे हैं। लेकिन होम डिलीवरी नहीं होने के कारण लोगों की भीड़ बढ़ रही है।



गैस सिलेंडर के लिए लगी लोगों की लाइन। अमृत विचार

### फास्ट फूड वालों के लिए लागू हुई 5 किलो व्यावसायिक सिलेंडर की व्यवस्था

**सुमेरपुर।** व्यावसायिक सिलेंडर की जगह फास्ट फूड वालों को अब प्रतिदिन 5 किलो का नीला सिलेंडर दिया जाएगा। अभी तक करीब एक दर्जन लोगों ने इसका कनेक्शन लेकर कारोबार शुरू कर दिया है। इस सिलेंडर को प्रतिदिन भरने की व्यवस्था भी है। गैस का संकट खड़ा होने तथा व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति कस्बे की एजेंसी में ठप होने से फास्ट फूड वालों का व्यवसाय करीब ठप हो गया था। फास्ट फूड वालों को राहत देने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने एक नीले रंग का 5 किलो का सिलेंडर लॉन्च किया है। इसका कनेक्शन व्यावसायिक गतिविधियों के लिए प्रदान किया जा रहा है। अभी तक कस्बे में करीब एक दर्जन फास्ट फूड वालों ने इसका कनेक्शन प्राप्त करके कारोबार शुरू किया है। इस सिलेंडर को बुकिंग के साथ प्रतिदिन भरने की व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के लागू होने से फास्ट फूड लगाने वालों को बड़ी राहत मिली है।

### युवती ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मौदहा।** क्षेत्र के ग्राम छिमौली में परिजनों के मंदिर जाने के बाद घर सूना पाकर अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी गुड़िया (18) पुत्री अमर सिंह ने गुरुवार की दोपहर अपने घर में दुपट्टा का फंदा बना अपने गले में डालकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसके परिजन गांव के मंदिर गए हुए थे। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। वहीं इस मामले की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका दो भाइयों व एक बहन में दूसरे नंबर की थी। इंटर करने के बाद वह अब घरेलू व कृषि कार्यों में परिवारीजनों की मदद करती थी।

# जन्मदिन पार्टी के बाद खाना खाने पहुंचे थे आरोपी युवक

**फालोअप**

- बजरंग दल के जिला सहसंयोजक के पिस्टल लहराने से घबरा गये थे होटल कर्मी

संवाददाता, सुमेरपुर हमीरपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार की देर रात कस्बे के अर्थ होटल में हुई मारपीट की घटना को कस्बे के एक उद्यमी के पुत्र की जन्मदिन पार्टी के बाद अंजाम दिया गया था।

सभी आरोपी जन्मदिन पार्टी के जश्न मनाने के बाद होटल में खाना खाने गए थे। गैस की किल्लत होने तथा अर्धरात्रि का समय करीब होने पर होटल बंद होने जा रहा था। इसी बीच उन्होंने दबंगी के साथ होटल के मैनेजर से खाने की मांग की। मैनेजर के मना करने के बाद घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट के दौरान बजरंग दल के जिला सहसंयोजक ने अपना पिस्टल भी लहराया और जान से मारने की धमकी दी। पिस्टल देखकर होटल कर्मी विरोध का दुस्साहस नहीं कर सके और एके-47 गैंग के सरगना सहित सभी सदस्य बेखौफ होकर मैनेजर सहित होटल कर्मियों, होटल में ठहरे ग्राहक को अर्धनग्न कर जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए।

घटना के 48 घंटे गुजर जाने के बाद पुलिस किसी आरोपी को नहीं पकड़ सकी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद बुधवार को मैनेजर ने पुलिस पूछताछ में नामजद आरोपियों के अलावा एके-47 गैंग के सरगना सहित कस्बे के कई युवकों के नाम लिए हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थानाध्यक्ष भी स्वीकार करते हैं कि एके-47 गैंग के सरगना के नेतृत्व में घटना को अंजाम दिया गया है और यह घटना फैक्ट्री एरिया के उद्यमी के पुत्र की जन्मदिन पार्टी मनाने के बाद वापस लौटते समय की गई है। घटना में शामिल सभी आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है जल्द ही इनको गिरफ्तार किया जायेगा।



फार्मासिस्ट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### अंकित सचान निर्विरोध बने जिला अध्यक्ष

**हमीरपुर।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का द्विवर्षीय चुनाव बुधवार को जिला अस्पताल स्थित टीवी हॉल में संपन्न हुआ। प्रांतीय नेतृत्व की देखरेख में हुई इस चुनावी प्रक्रिया में संगठन की एकजुटता देखने को मिली।

चुनाव का मुख्य आकर्षण मंत्री पद रहा। जिसके लिए प्रत्याशियों के बीच मतदान कराया गया। कड़े मुकाबले के बाद अजय कुमार शिवहरे मंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं अध्यक्ष पद की कमान अंकित सचान को सौंपी गई। संरक्षक के रूप में प्रेम नारायण श्रीवास और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ब्रजेश राजपूत का निर्विरोध चयन हुआ। संगठन के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें योगेंद्र यादव को उपाध्यक्ष, राम नरेश को संगठन मंत्री और मनोज सैनी को संयुक्त मंत्री चुना गया। वित्तीय कार्यों की जिम्मेदारी रवि प्रताप को कोषाध्यक्ष के रूप में दी गई। जबकि संजीव त्रिपाठी को प्रवक्ता, सुजीत सचान को प्रचार मंत्री और शैलेंद्री सचान को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

### युवक को बंधक बना कर पीटा

**राठ हमीरपुर।** मझगवां थाने के खड़ाखर गांव में एक युवक को पांच लोगों ने बंधक बनाकर जमकर पीटा। मारपीट से घायल युवक ने कोतवाली में तहरीर दी है।

खड़ाखर गांव निवासी दीपक पुत्र गोकुल प्रसाद ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजे गांव के पांच युवकों ने उसे पकड़ लिया। वे उसे जबरन एकांत स्थान पर ले गए और गांव के बाहर सुनसान जगह पर बंधक बनाकर लाठी डंडों व बेल्टों से बेरहमी से पीटा। पीड़ित दीपक के अनुसार हमलावरों ने उसे और उसके परिवार को थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट के कारण उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद दीपक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में मझगवां थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

# कोरी समाज के कार्यकर्ता की मौत से बढ़ा आक्रोश

- कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर को तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की अव्यवस्था और समय पर इलाज न मिलने से कोरी समाज के एक युवक की मृत्यु से कोरी समाज महासंस्थान कार्यकर्ताओं में आक्रोष व्याप्त है। गुरुवार को आंबेडकर पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर कार्यकर्ता की मौत के जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करने सहित तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर को सौंपा।

कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुरेश कुमार कोरी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके संस्थान के कार्यकर्ता शहर के जेल तालाब मुहाल निवासी रामहेत अनुरागी की बीते 22 मार्च की देर रात अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ.एके सिंह ने लगभग 20 मिनट बाद इंजेक्शन लगाकर वार्ड में लिटा दिया। सुबह 11 बजे तक रामहेत इमरजेंसी वार्ड में तड़पता रहा। इसके बाद उसे भर्ती वार्ड में भेज दिया गया। जहां दोपहर 2 बजे रामहेत के परिजनों ने इलाज को लेकर गुहार लगाई। तब भर्ती वार्ड के स्टाफ ने बताया कि पीड़ित रामहेत तो भर्ती ही नहीं किया गया। जिस पर परिजन आनन फानन में इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। जिसके लगभग 03:00 बजे चिकित्सक एके सिंह ने फाइल बनाकर इलाज चालू किया। लेकिन समय पर इलाज न मिल पाने शाम 7:30 बजे उसकी मृत्यु हो गई।

उन्होंने इस लापरवाही के जिम्मेदारों पर कानूनी कार्यवाही करने, पीड़ित परिवार को पीएम आवास या कांशीराम कालोनी एवं आर्थिक मदद दिलाने, दोषी डॉक्टर को सस्पेंड करने की मांग की है। इस दौरान राजू अनुरागी, रामबाबू कुटार, गया प्रसाद अनुरागी, सुंदर लाल अनुरागी, रघुनंदन, हरिबाबू, संतराम सहित महासंस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते कोरी समाज महासंस्थान के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**हमीरपुर महोत्सव** — इंवेस्टर्स समिट व परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता सहित बुंदेली लोक नृत्य व गायन का हुआ आयोजन

# श्रद्धा पंडित और फरहान साबरी ने जमकर मचाई धूम

कार्यालय संवाददता हमीरपुर

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोत्सव 2026 के तीसरे दिन बुधवार की रात मंच पर बॉलीवुड के गायक श्रद्धा पंडित और फरहान साबरी ने बॉलीवुड गानों पर धूम मचा दी। कार्यक्रम देखने पहुंचे दर्शकों ने दोनों गायकों के गानों पर झूमकर तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गए। वहीं गुरुवार को इंवेस्टर्स समिट परंपरागत खेलकूद प्रतियोगिता सहित बुंदेली लोक नृत्य /गायन अन्य प्रांतीय लोक गायन का आयोजन किया गया।

शहर के चौरा देवी मंदिर प्रांगण में 23 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले हमीरपुर महोत्सव 2026 के तीसरे दिन बुधवार की रात सात बजे मंच पर पहुंची बॉलीवुड गायक श्रद्धा पंडित ने जैसे ही बरेली की बर्फी फिल्म का गाना गाना शुरू किया। वैसे ही पंडाल में मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।वहीं फरहान साबरी के गीतों ने कार्यक्रम में समा बांध दी, दर्शकों ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में डीएम घनश्याम मीणा, एसपी डा.दीक्षा शर्मा, डीडीओ राघवेंद्र सिंह, सीडीओ एके सिंह, पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त, एसडीएम सदर केडी सिंह, एएसपी एमके गुप्ता, सीओ सदर राजेश कमल आदि मौजूद रहे। वहीं गुरुवार की सुबह 10 से 03 बजे तक उद्योग विभाग सम्मेलन में इवेंस्टर्स समिट एवं खेल विभाग द्वारा परम्परागत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाम 04 से 06 बजे तक बुंदेली लोक नृत्य गायन एवं अन्य प्रांतीय लोक गायन व वादन का आयोजन किया। शाम 07 बजे बृज की रासलीला, 08 बजे रामलीला, 09 से 10 बजे तक साधी बैंड का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



हमीरपुर महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करती श्रद्धा पंडित। अमृत विचार



हमीरपुर महोत्सव देखने को उमड़ी भीड़। अमृत विचार

# धू धूकर जला ट्रांसफार्मर, एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड

संवाददाता, राठ हमीरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के काजीपुरा भटियाना इलाके में आज गुरुवार को काजीपुरा की पुलिया के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें देख मोहल्ले वाले भयभीत हो गए और उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना के एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

नगर के मोहल्ला भटियाना में मुख्य मार्ग के किनारे काजीपुरा की पुलिया के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर से भटियाना मोहल्ला सहित सिकंदरपुरा, मुगलपुरा इत्यादि जगह विद्युत की सप्लाई होती है। आज गुरुवार की दोपहर को अचानक उक्त ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट के चलते अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें लगभग 20 फीट ऊंचाई तक पहुंचने लगीं इसपर लोगों में अफरा तफरी फैल गई। वहीं मुख्य सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गयी। इस दौरान भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अनुज सक्सेना व मंत्री राजदीप पंडित ने विद्युत विभाग को फोन कर सप्लाई बंद कराने के बाद अग्निशमन दल को सूचना दी। सूचना के एक घंटे बाद पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



धू धूकर जलता ट्रांसफार्मर।

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026

महोबा-जालौन

न्यूज ब्रीफ

### जिला अस्पताल के ट्रांसफार्मर में लगी आग

**महोबा।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पास रखे ट्रांसफार्मर में देर रात अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद जोरदार विस्फोट हुआ और पूरे परिसर में धुआं फैल गया ई। अस्पताल के एक कर्मचारी ने सूझबूझ दिखाते हुए अग्निशमन यंत्र से आग बुझाकर एक बड़ा हादसा टाल दिया, लेकिन इस दौरान दमकल विभाग और बिजली विभाग टीम का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ट्रांसफार्मर से करीब तीस मिनट तक आग की लपटें उठती रहीं। यदि अस्पताल के एक कर्मचारी ने समय रहते अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर आग पर काबू न पाया होता, तो आग विकराल रूप ले सकती थी ।

### दुर्गा मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**कालपी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे स्थित दुर्गा मन्दिर का निर्माण 80 के दशक में कुछ आस्थावानों ने करवाया था जिसने बाद में काफी भव्यता और शोहरत हासिल की थी और मन्दिर के नाम पर हाईवे स्थित इस स्थान का नाम दुर्गा मन्दिर चौराहा हो गया था जो अभी भी प्रचलित है। मन्दिर के महन्त राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी के अनुसार हाईवे बनने से पहले यह मन्दिर काफी भव्य था। पुजारी दीपू महाराज के अनुसार हाईवे द्वारा सड़क के उसपार मन्दिर बनवा दिया गया है पर शायद देवी स्थान छोड़ने के लिए तैयार नहीं है और मन्दिर का स्वरूप बिगड़ने के बाद भी आस्थावानों की आस्था कम होने के बजाय और बढ़ गई है।

### अवैध बालू परिवहन करने पर छह ट्रक सीज

**कालपी।** प्रशासन की अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी है। बुधवार देररात एसडीएम की अगुवाई में चले अभियान में आधा दर्जन ट्रक सीज किए गये। बालू का बिना खनिज प्रपत्र परिवहन अपराध माना गया है, जिसमें संबंधित के खिलाफ जुर्माना के साथ सजा का भी प्रावधान है लेकिन इसके बावजूद ट्रक संचालक बगैर खनिज प्रपत्रों के बालू ढोने से बाज नहीं आते जबकि प्रशासन की टीम लगातार चेकिंग अभियान चलाती रहती हैं। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार बुधवार देररात सीओ अवधेश कुमार सिंह तथा खनिज तथा परिवहन विभाग की टीम के साथ आटा तथा कालपी क्षेत्र में चैकिंग की गई थी जिसमें 6 ट्रक बिना खनिज प्रपत्रों के बालू परिवहन करते मिले थे जिन्हें सीज कर आटा तथा कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# खाई में गिरी कार, पुत्र की मौत, पिता सहित दो घायल

## घायलों की हालत गंभीर, चालक ने बताया ट्रक के कट मारने से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी सूपा मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित दो लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया जाता है कि कार सवार पिता पुत्र व एक अन्य चरखारी क्षेत्र के बमनेथा गांव में अपने रिश्तेदार में हो रहे चौक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मौत के बाद से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।



कुणाल।



दुर्घटना ग्रस्त कार को देखती पुलिस टीम। अमृत विचार

कस्बा कुलपहाड़ निवासी गणेश पुत्र बंशी अपने 17 वर्षीय पुत्र कुणाल कुशवाहा के साथ बीती शाम कार से चरखारी क्षेत्र के बमनेथा गांव अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित चौक कार्यक्रम में शामिल हो गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात पिता पुत्र व एक अन्य रिश्तेदार राजेश पुत्र छिद्दू के साथ कार पर सवार होकर वापस कुलपहाड़ आ रहे थे। कार जैसे ही सूपा रोड पर दादी के खुड़े के समीप पहुंची ही थी कि अचानक चालक गणेश का संतुलन बिगड़ गया, जिससे सड़क किनारे गहरी खाई में कार गिर कर क्षतिग्रस्त हो गई।

कार में पीछे बैठे कुणाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गणेश और राजेश बुरी तरह से घायल हो गए। कार के गिरने से हुई जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी भिजवाया। डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए हालत में सुधान न होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों से सम्पर्क किया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक गणेश ने बताया कि चरखारी से सूपा की ओर जाते समय समाने से आ रहे एक ट्रक ने उसके वाहन को कट मार दिया जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और कार खाई में गिर गई।

# रामनवमी आज, निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, युवाओं ने निकाली बाइक रैली

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में राम नवमी को लेकर श्रीराम नवमी उत्सव समिति ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। समिति के सदस्यों के साथ-साथ भाजपा, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुटे हैं। शहर में जगह जगह भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरे शहर में जगह जगह द्वार बनाये हैं और भगवा ध्वज लगाए गए हैं, साथ ही बिजली की झालरों से आकर्षक सजावट की गई है।

राम नवमी को लेकर हिन्दू संगठनों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। सभी संगठनों के युवक सारा दिन तैयारियों में जुटे रहे, कहीं भगवा ध्वज लाने तो कहीं स्वागत द्वार तैयार कराने और झंडी, झालरों को लगवाते रहे। 27 मार्च को निकलने वाली रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर पालिका प्रशासन ने शहर के मार्गों पर सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर साफ सफाई कराई, जिससे जूलूस में शामिल लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।



बाइक जुलूस में शामिल राम भक्त। अमृत विचार

### जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकला बाइक जुलूस

**बेलाताल।** कस्बे में रामनवमी की पूर्व संख्या पर भारी संख्या में राम भक्तों ने बाइक जुलूस निकाला। बाइक जुलूस दौरान जय श्रीराम उद्घोष से नगर भक्तिमय हो गया। गल्लामंडी से डीजे की धुन पर निकाले गए जुलूस में युवा भगवा रंग गमछा डाले हुए चल रहे थे। बाइक जुलूस दौरा युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। जुलूस नगर के मुख्य चौराहो से होता हुए घुसयाना मुहाल में पहुंचकर समाप्त हुआ।

शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों का व्यापार मंडल समाजसेवियों, पेट्रोल पंप संचालकों व अन्य समितियां जगह जगह पानी, चाय, हलवा आदि सामग्री वितरित कर स्वागत करेंगी । इसके लिए जुलूस मार्ग पर जगह जगह पंडाल सजा दिए गए हैं। जुलूस में भारी भीड़ जुटने के कारण पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिसके चलते किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैल सके। जुलूस नवीन गल्ला मंडी से शुरू होकर परमानंद चौराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक सहित परम्परागत मार्गों से होता डाकबंगला मैदान में समाप्त होगा।



पैथालॉजी का उद्घाटन करते विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

## विधायक ने किया पैथालॉजी का उद्घाटन

**कालपी।** पुरानी कोतवाली के समीप महाकाल पैथालॉजी का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने फीता काट कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य व समाजसेवी तथा पत्रकार मौजूद रहे।

गुरुवार की दोपहर क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने पुरानी कोतवाली कालपी के समीप महाकाल पैथालॉजी का फीता काटकर शुभारंभ किया। लोकार्पण के पूर्व लैब संचालक कृष्ण पाल सिंह बब्लू राणा व पंकज ठाकुर ने विधायक विनोद चतुर्वेदी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक ने मौजूद लोगों को संबोधित करते कहा कि यह लैब लोगों को आज के समय में उपयोगी हो चुकी है क्योंकि बिना जांच के अब डाक्टर कोई इलाज नहीं करता। यह लैब लोगों के लिये बहुत उपयोगी साबित होगी। कृष्ण पाल सिंह बब्लू राणा ने बताया कि इस लैब में उचित रेट में बीबीसी, ब्लड शुगर , एलएफटी, केएफटी की जांच होगी। इस दौरान मनोज चतुर्वेदी, राजू पाठक, अमित पाण्डेय, श्रीकांत सिंह चौहान, राजेश द्विवेदी, बाबू सिंह यादव, अश्वनी तिवारी, कन्हैया मिश्रा, सन्दीप पाण्डेय, नीरज रहे।

## आग से जली फसल का मिलेगा मुआवजा

**कालपी।** कदौरा क्षेत्र के ग्राम खुटमिली में हाईटेंशन लाइन टूटने से जली फसल का किसान को मुआवजा मिलेगा। बुधवार शाम लगभग पांच बजे कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खुटमिली में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेत में गिर गया था। जिससे आग लग गयी थी। हालांकि आग ज्यादा फैलती कि इससे पहले मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और अग्नि शमन दल ने आग पर काबू पा लिया। तब तक किसान मुलवा की लगभग ढाई बीघा गेंहू की फसल जल गयी थी। किसान की फसल आग से क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने तत्काल लेखपालों की टीम को मौके पर भेजकर क्षति का आकलन कराया। तहसीलदार अभिनव तिवारी के मुताबिक खुटमिली मौजा के गाटा संख्या 320 में आग से करीब ढाई बीघा फसल क्षतिग्रस्त हुई है जिसमें किसान का लगभग 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है जिसकी रिपोर्ट विद्युत विभाग को भेज दी गई है जल्दी ही किसान को उक्त फसल का मुआवजा दिया जाएगा।

# जिला महामंत्री बनने पर जताया हर्ष

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के बाद जिला कार्य समिति की घोषणा कर दी है, जिसमें पनवाड़ी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी को भाजपा जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस घोषणा से पनवाड़ी क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रीप्रकाश अनुरागी को जिला महामंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।

श्रीप्रकाश वर्मा के जिला महामंत्री बनाए जाने पर एक कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत करने के बाद स्मृति चिन्ह भेंट और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री अनुरागी कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने संगठन को



कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

- जिला महामंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिला कर किया स्वागत

और अधिक मजबूत बनाने के लिए दिन रात काम करने का संकल्प लिया। कहा कि कार्यकर्ताओं का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि श्री अनुरागी के जिला महामंत्री बनने से युवा वर्ग और तेजी से पार्टी में जुड़ेगा। कहा कि भाजपा मेहनत लगन और ईमानदारी से काम करने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाती है। भाजपा नेता संतोष अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को बड़े बड़े पद देकर नवजती है। इस मौके पर संतोष विश्वकर्मा, राजा दीक्षित, शंकरलाल रावत, सीताराम अग्निहोत्री, गणेश रावत, देवेंद्र चंद्र खरे, राजेंद्र नगायच, प्रेम सक्सेना, वीरेंद्र अग्निहोत्री, तुलसीदास प्रजापति, श्यामजी तिवारी, राजा अग्निहोत्री, हरिसिंह वर्मा सहत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ठेकेदार ने बिना पिलर खड़ी की दीवार

**कालपी।** क्षेत्र के गुढाखास में बन रहे अन्नपूर्णा भवन में मानकों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। निर्माण ठेकेदार ने बिना पिलर के ही दीवारें खड़ी कर दी। ऐसे में उक्त भवन कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है।

शासन ने अब गांव क्षेत्र स्थित राशन की दुकानों को गांवों की मुख्य सड़क पर सरकारी जमीन पर बनाना शुरू किया है जिससे दुकान पर ही खाद्यान्न से भरा ट्रक पहुंच सके। इतना ही राशनकार्ड धारकों को किसी के दरवाजे पर न जाना पड़े। इतना ही नहीं उक्त दुकान को बहुउद्देशीय भी बनाना है जिससे उचित दर विक्रेता को अतिरिक्त आय हो और गांव की जनता को भी न भटकना पड़े। उक्त भवन का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा करवाया जा रहा है लेकिन ग्रामीणों की माने तो भवन के नक्शे में 26 पिलर का भी प्रावधान है पर निर्माण करा रहे ठेकेदार ने भवन में एक भी पिलर नहीं बनाया है और दीवारें बनकर तैयार कर दी हैं।

# बच्चों को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ, जांची सेहत

संवाददाता बेलाताल महोबा

- शिविर में 115 बच्चों का चेकअप कर दी गईं दवाएं
- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आरबीएसके टीमों ने आंगनबाड़ी सतारी के दो केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का चेकअप किया। दोनो केंद्रों में टीमों ने 115 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी वितरित की। इसके बाद टीम ने कंपोजिट विद्यालय सुगिरा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत एक युद्ध नशे के विरुद्ध थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कराते हुए जागरूक किया गया।

आंगनबाड़ी सतारी के प्रथम केंद्र में लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का पंजीकरण करते हुए 52 बच्चों की सेहत को चेक किया। वहीं आंगनबाड़ी द्वितीय केंद्र में आरबीएसके टीम ने 63 बच्चों को पंजीयन करते हुए एक एक कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया।



शिविर में बच्चों का परीक्षण करती टीम। अमृत विचार

दोनो केंद्रों में कुल 115 बच्चों का चेकअप करने के बाद निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों व उनके बचाव के बावत जानकारी दी। टीम के डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित, एफएचडब्ल्यू संगीता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम सहित स्टाफ ने शिविर में खासा सहयोग किया।

उधर कुलपहाड प्रतिनिधि के अनुसार कंपोजिट विद्यालय सुगिरा मंय यह जिलाधिकारी श्रीमती गजल भारद्वाज एवं मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन व सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिह राजपूत की देखरेख में आरबीएसके स्वास्थ्य टीम ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में डॉ. आकांक्षा सोनी ने बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकता है साथ ही बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित खेलकूद करने एवं नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य टीम की ओर से बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस मौके पर टीम के अलावा प्रधानाचार्य अरूणेन्द्र अग्निहोत्री सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# तीन हफ्ते खांसी आने पर कराएं चेकअप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में टीबी दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को क्षय रोग के लक्षणों और बचाव के बावत जानकारी दी साथ ही सरकारी की संचालित योजना के विषय से भी अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लोगों से टीबी के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक रोग है जो जीवाणु के कारण होता है जो मुख्य रूप से फेफड़ों पर हमला करता है साथ ही शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है। कहा कि टीबी के मुख्य लक्षणों में 3 सप्ताह से अधिक लगातार खांसी, बलगम या खून के साथ खांसी, शाम को बुखार, रात में पसीना, और बिना कारण तेजी से वजन कम होना शामिल हैं और टीबी एक संक्रामक रोग है जो मुख्य रूप से हवा के माध्यम से फैलता है। उन्होंने यह लक्षण होने पर डाक्टर की सलाह पर चेकअप कराए जाने की सलाह भी दी। विशेषज्ञों ने इसके बचाव के उपायों और समय पर जांच व इलाज के महत्व पर जोर दिया साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें। इस योजना के तहत, टीबी मरीजों को पोषण संबंधी आवश्यकताओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर डॉ. सैय्यद आफताब और निहाल मुहम्मद सहित समस्त स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।



टीबी की जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

# हैवतपुरा विद्यालय के बच्चों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

संवाददाता, पनवाड़ी महोबा

**अमृत विचार।** एवीसी पब्लिक स्कूल पनवाड़ी सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय हैवतपुरा ब्रह्मानंद के बच्चों द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026-27 में सफलता प्राप्त करने पर छात्रा छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी और डीसी संजीव अवस्थी ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में कामयाब बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अभिनव पुत्र अनिल राठौर ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है, इसके अलावा आलिया, मयंक, मोहम्मद हामिद, शिवांष नायक, अतुल, कविराज, मौसम, मोहिनी,



ब्रह्मानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अतिथि। अमृत विचार

दर्शना, यीशू, राधा, गरिमा, सुखदेवी आदि विद्यार्थी को भी सम्मानित किया गया। बच्चों की कामयाबी पर उनके अभिभावकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में कौनिया प्रधान प्रतिनिधि रोहित राजपूत, प्रेमचंद्र राजपूत और प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष अजयपाल राजपूत शामिल हैं। कार्यक्रम में मोहम्मद इरफान, मुकेश कुमार, विपिन सोनी, क्षमता यादव, शीतलादेवी आदि शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## बिना अनुमाति कार्यक्रम को पुलिस ने रोका

**महोबा।** थाना महोबकंठ के गांव सौरा मुहाल में कुशवाहा समाज के लोगों ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती कार्यक्रम मनाने के लिए एक स्थान पर टेंट लगाया , लेकिन इसी बीच सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने बिना अनुमति जयंती मनाने का हवाला देते हुए टेंट इटवा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से वहां मौजूद लोगों में नाराजगी फैल गई। समाजसेवी फूल सिंह ने इसका विरोध किया । बताया जाता है कि समाजसेवी ने अहिंसा और शांतिपूर्ण आयोजन की बात कही, लेकिन पुलिस ने एक नहीं मानी और परिणामस्वरूप, सम्राट अशोक के अनुयायियों को अपना कार्यक्रम बीच में ही रोकना पड़ा। इसके बाद लोगों को लगभग 50 मीटर दूर जाकर सादगी के साथ जयंती मनानी पड़ी। इस संबन्ध में महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सरोज ने बताया, गांव के लोग बिना अनुमति जयंती मना रहे थे, जिन्हें रोका गया।

धर्म-आस्था

चारों तरफ मैया के जयकारों की गूंज से शहर में रहा भक्तिमय माहौल

# अष्टमी पर घर-घर पूजी गईं कन्याएं, कराया भोज

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर मंदिरों में जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही वहीं गुरुवार को जिले के देवी मंदिरों में कन्या भोज और भंडारे चलते रहे। मंदिर समितियों ने राहगीरों को बुला बुलाकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण कराया गया। वहीं हर मंदिर व घर घर में कन्याओं का पूजन किया गया । साथ ही कन्याओं को भोग लगाकर उन्हें कहीं खीर पूड़ी तो कहीं दही जलेबी व फल खिलाया गया। जगह जगह जगराता और भजन कीर्तन चल रहे हैं, जिससे पूरी रात शहर में भक्ति गीतों की गूंज सुनाई पड़ती है। नवरात्रि की अष्टमी पर भक्तों ने माता महागौरी का पूजन अर्चन किया गया, जिससे आस्थावानों की सुबह शात मंदिरों में भीड़ जुटी।




मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

शहर के बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, शीतलादेवी मंदिर, विन्धवासिनी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में गुरुवार को सुबह से ही की व्यवस्थाएं कर ली गई और दिन में 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ जो देर शाम तक चलते रहे। भक्तों ने मंदिरों में जाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सारा दिन मंदिरों में मैया के जयकारे गूंजते रहे। तमाम भक्तों ने मंदिरों में घंटे चढ़ाकर मां की पूजा अर्चना की।

सुरक्षा की दृष्टि से शहर के विभिन्न मंदिरों में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर पुरुष और महिला पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई, जो मुस्तहदी से ड्यूटी करते नजर आए। कोतवाली प्रभारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भी मंदिरों मंक तैनात पुलिस की व्यवस्था का जाकर जायजा लिया, जिससे पुलिस कर्मचारी सारा दिन चौकन्ना रहे।

भक्त सूरत की पहली किरन से पूर्व ही मंदिरों में जाने के कारण पुलिस टीम भी सुबह से ड्यूटी में तैनात दिखाई दी। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर ज्यादातर मंदिरों में सुबह से शुरू हुए भंडारे के चलने से पूरे शहर में खासी चहल पहल रही। कहीं बच्चे तो कहीं कन्याएं प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंच रहे हैं तो वहीं महिलाएं व पुरुष टोलियां बनाकर प्रसाद ग्रहण कर रहे है।

### महागौरी का स्वरूप उज्ज्वल और कोमल है : पांडेय

**महोबा।** श्री उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवालय के मुख्य पुजारी शिव किशोर पांडेय बताते हैं कि माता महागौरी का स्वरूप बहुत ही उज्ज्वल ,कोमल, श्वेत वर्ण और श्वेत वस्त्रधारी है। माता को धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, शारीरिक मानसिक और सांसारिकता का हरण करने वाली देवी माना गया है। नवरात्र की आष्टमी पर भक्त अपनी कुलदेवी की पूजा करने के साथ कन्या पूजन भी करते हैं। महागौरी की चार भुजाएं हैं, ऊपर के दाहिने हाथ पर अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे वाले बाएं हाथ में वर मुद्रा है, जो अत्यंत शांत है। महागौरी का वृषभ वाहन है।

अमृत विचार



# जिले में 35 सरकारी केंद्रों पर की जायेगी गेहूं की खरीद

## 30 मार्च से 15 जून तक खरीदा जाएगा गेहूं , तीन मोबाइल खरीद केंद्र भी बनाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में 35 सरकारी खरीद केंद्रों में गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके अलावा तीन मोबाइल खरीद केंद्र भी बनाए जाएंगे।

यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद 30 मार्च से 15 जून तक की जाएगी। इस साल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 160 रुपये अधिक है। इसके अतिरिक्त उतराई, छनाई एवं सफाई के मद में किसानों द्वारा क्रय केंद्रों पर दिए जाने वाले 20 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किसानों के खातों में वापस कर दिया जाएगा। भुगतान उन्हीं बैंक खातों में किया जाएगा, जो आधार नंबर से लिंक्ड है और मैपिंग है। किसान खाद्य विभाग की वेबसाइट पर जाकर ई-उपार्जन माड्यूल में नवीन पंजीकरण या पंजीकरण संशोधन करा सकते हैं। जिन किसानों ने गत वर्ष पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को संशोधित करना होगा। किसान इसे किसी भी जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे में अथवा स्वयं मोबाइल से कर सकते हैं। गेहूं बिक्री के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। किसान यह सुनिश्चित कर लें कि उनके आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट है और ई-केवाई सी कराई जा चुकी है। बैंक खाता सक्रिय होने हेतु आवश्यक है कि उसमें पिछले तीन महीने में धनराशि का लेनदेन किया गया हो। वर्तमान में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों पर पंजीकरण/नवीनीकरण की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। लघु एवं सीमांत कृषक तथा ऐसे किसान, जिनकी उपज 60 क्विंटल या उससे कम है, को खरीद में प्राथमिकता दी जाएगी। बताया कि किसान बिक्री संबंधी किसी भी सहायता के लिए खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 पर उनसे या तहसील या ब्लाक के विपणन निरीक्षक/क्रय केंद्र प्रभारी से अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में स्थापित खरीद कंट्रोल रूम के नंबर 7355904833, 8707219558 पर भी संपर्क कर सकते हैं।



प्रतीकात्मक फोटो।

### गेहूं को तत्काल अस्वीकृत न किया जाए

- खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गेहूं गीला अथवा गंदा हो तो तत्काल उसे अस्वीकृत न किया जाए, बल्कि उसे केंद्र पर सुखाने एवं साफ करने के लिए पर्याप्त मौका दिया जाए तथा मानक के अनुरूप आने पर ही क्रय किया जाए।

### एफपीओ के माध्यम से भी खरीदा जाएगा

- बताया कि जिले में कार्यरत फार्मर प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन (एफपीओ) एवं फार्मर प्रोड्यूसर के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जाएगी। इनके पंजीकरण का एक मार्च 2026 को न्यूनतम एक वर्ष पूर्ण हो चुका हो तथा उनके बैंक खाते में प्रति क्रय केंद्र न्यूनतम 20 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी हो। इसके अतिरिक्त बटाईदारों एवं पंजीकृत ट्रस्टों की भी गेहूं खरीद सरकारी केंद्रों पर की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ पत्रकार को पुत्री शोक



निशा।

राजापुर (चित्रकूट)। राजापुर तहसील के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार उपाध्याय की बड़ी पुत्री निशा त्रिपाठी का कम आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं और प्रयागराज के कमला नेहरू हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे दो पुत्र राजगुरु व अनिकेत तथा एक पुत्री प्रज्ञा को छोड़ गई हैं। अंतिम संस्कार राजापुर के रामघाट में पति नरेंद्र त्रिपाठी ने किया। उनके निधन पर उनके गृहग्राम सुरसेन और राजापुर में शोक की लहर छा गई। जनप्रतिनिधिय, गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों ने शोक जताया ।

### एसपी ने किया सीओ कार्यालय का लोकार्पण

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय का विस्तारीकरण एवं सुंदरीकरण पूरा होने के बाद लोकार्पण किया। उन्होंने आशा जताई कि आधुनिकीकरण एवं सुंदरीकरण से न केवल कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि आम नागरिकों को भी अधिक सुव्यवस्थित एवं सहज वातावरण प्राप्त होगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, एमपी त्रिपाठी रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक रैपुरा आशुतोष तिवारी ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में एक गांव की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने घर के अंदर बंधक बनाकर दुराचार किया और धमकी दी। पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र कुमार उर्फ जीतू पुत्र स्व. सत्यनारायण को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी शिवम मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह शामिल रहे।

### बरगढ़ रेंज में लगी भीषण आग से जंगली जीव जंतु हताहत

बरगढ़ (चित्रकूट)। गुरुवार सुबह बरगढ़ रेंज के इलाके जमीरा छितैनी के जंगल में आग लग गई। माना जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने सिगरेट या बीड़ी पीकर फेंक दी, जिससे सूखे पत्तों ने आग पकड़ ली। लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर कुछ हद तक काबू पाया जा सका। आग से जंगल के जीव जंतुओं में अफरातफरी मच गई। रेंजर बरगढ़ ने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण का पता नहीं चल पाया है। अंदेशा है कि किसी राहगीर ने बीड़ी-सिगरेट फेंकी अथवा जान बूझकर कर भी आग लगाई जा सकती है।

## जनसमस्याओं को लेकर चल रहा क्रमिक अनशन स्थगित

चित्रकूट। युवा समाजसेवी रोहित सिंह पटेल के नेतृत्व में चल रहा क्रमिक अनशन चौथे दिन प्रशासन से वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया। अनशन के दौरान जिला प्रशासन को पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, सड़क, रोजगार एवं कोल समाज को जनजाति का दर्जा देने सहित कई गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। रोहित ने बताया कि बीते दिन अपर जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान सभी मांगों पर एक सप्ताह के भीतर ठोस एवं संतोषजनक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों द्वारा क्रमिक अनशन को स्थगित किया गया। बताया कि यह अनशन समाप्त नहीं बल्कि स्थगित किया गया है। यदि प्रशासन द्वारा निर्धारित एक सप्ताह की समयसीमा के भीतर मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है, तो पुनः और भी व्यापक एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर लवकुश कुमार भारती, सुनील सिंह पटेल, नंदलाल सिंह आजाद, धनराज पटेल, आलोक पटेल, कमल पटेल, धर्मेंद्र रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# बंदियों को मिलने वाले भोजन का किया निरीक्षण

- जिला जज ने अन्य अधिकारियों के साथ किया जेल का मुआयना

चित्रकूट कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल विजिटर बोर्ड के सदस्यों ने गुरुवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार चित्रकूट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई।

अधिकारियों ने हाई सिक्योरिटी, बच्चा, महिला व अन्य बैरकों में बंदियों से भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय-समय पर चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया। विजिटर बोर्ड ने बंदियों को साक्षर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अस्पताल में भर्ती बंदियों ने बताया कि डाक्टरों द्वारा समय – समय पर दवाइयां दी जाती हैं एवं इलाज सही ढंग से किया जाता है। बीमार बंदियों के मनोरंजन के लिए टीवी की व्यवस्था की गई है, जिसमें योग, आध्यात्मिक कार्यक्रम, भजन, समाचार आदि प्रसारित किए जाते हैं। इस दौरान पुलकित गर्ग जिलाधिकारी, अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक, राजेंद्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ. भूपेश द्विवेदी मुख्य चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहे।

## खंभेश्वर जंगल में आग से वन संपदा को नुकसान

मानिकपुर। मानिकपुर रेंज के खंभेश्वर जंगल में गुरुवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा जंगल धू-धू कर जलने लगा। तेज हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती गई और करीब दो किलोमीटर के दायरे में वन क्षेत्र इसकी चपेट में आ गया, जिससे भारी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोनकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने "वॉच फायर" तकनीक का इस्तेमाल करते हुए आग को फैलने से रोका और धीरे-धीरे उस पर नियंत्रण पा लिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, तेज हवा के कारण आग ने अचानक भयानक रूप ले लिया था, जिससे आसपास के इलाकों में भी दहशत का माहौल बन गया। हालांकि समय रहते वन विभाग की सक्रियता से बड़ा नुकसान टल गया।



पयस्वनी नदी के पुल घाट की सफाई करते युवा। अमृत विचार

## अब पुलघाट की सफाई में जुटी बुंदेली सेना

चित्रकूट। नदी सफाई अभियान के तहत बुंदेली सेना ने अब पयस्वनी नदी के पुलघाट में नदी की सफाई शुरू की है। गुरुवार को यहां बड़े पैमाने पर चोई और कचरा नदी से बाहर निकाला गया।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि अब लक्ष्य है कि घाट की सीढ़ियों को काई रहित किया जाए। फिलहाल फिसलन की वजह से लोग सीढ़ियों में इस घाट पर गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। अजीत ने बताया कि पुलघाट सर्वाधिक प्रयोग होने वाला घाट है। मुक्तिधाम की वजह से इस घाट में लोग अक्सर डुबकी लगाते रहते हैं । गंदगी और प्रदूषण की वजह से दिक्कत हो रही थी। अब घाट की विधिवत सफाई का निर्णय लिया गया है 1 अगले तीन-चार दिन तक इसी घाट की सफाई की जाएगी। यहां एक घाट को लोगों ने विसर्जन घाट बनाकर गंदगी से पाट रखा है। इस घाट को साफ करने के साथ ही नहाने वाले दो घाटों को काई और प्रदूषण से रहित किया जाएगा।

## जिंदा व्यक्ति कागजों में 'मृत, जांच की मांग

चित्रकूट। कर्वी क्षेत्र में सरकारी व्यवस्था की एक गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां एक जीवित को राशन कार्ड में मृत घोषित कर दिया गया। इस चूक ने न केवल एक परिवार को परेशानी में डाल दिया, बल्कि सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए। मामला कर्वी मुहल्ले के शंकरगंज निवासी रामलली पत्नी चुन्नु का है। महिला के अनुसार, राशन कार्ड में उसके पति चुन्नु को जून 2025 से मृत दर्शा दिया गया, जबकि वह जीवित हैं। इस गड़बड़ी का खुलासा तब हुआ जब रामलली राशन लेने कोटेदार के पास पहुंची, जहां मशीन में पति का नाम मृतक के रूप में दर्ज दिखा। इससे वह सकते में आ गई। अब वह अधिकारियों के चक्कर काट रही है। पीड़ित महिला ने संबंधित अधिकारियों से पति का नाम राशन कार्ड में पुनः दर्ज कराने की मांग की है। साथ ही, इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।

# विवाहिता ने जान दी, रिपोर्ट के आदेश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



अधिवक्ता रुद्र प्रसाद।

- अभद्र मैसेज भेज परेशान करता था आरोपी पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद

**अमृत विचार।** शादीशुदा महिला को परेशान करने और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

ह्यूमन राइट लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक और वादी के अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि थाना रैपुरा के गांव बगरेही निवासी उर्मिला देवी ने अपने पुत्र राजाबाबू उर्फ हरिश्चंद्र की शादी 11 जुलाई 24 को शंकरगढ़ (प्रयागराज) निवासी युवती से की थी। बताया कि रामपुर निवासी अजय सिंह की बहन पास के जनवा गांव में ब्याही है। ऐसे में अजय का गांव आनाजाना होता था। अजय कहीं से बहू का नंबर पा गया और उससे उसे अभद्र मैसेज भेजकर ब्लैकमेल करने लगा। इससे गुड़िया परेशान हो गई। उत्पीड़न बढ़ने पर उसने अपने माता-पिता से बताया । इसके बाद अजय उसे धमकी देने लगा। अधिवक्ता के अनुसार, गुड़िया के सिम बदलने पर अजय उर्मिला के पुत्र के मोबाइल नंबर पर गालीगलौज और धमकी के मैसेज भेजने लगा। 11 नवंबर की रात गुड़िया ने उर्मिला के मोबाइल से अजय से बात की और परेशान करने की वजह पूछी। अजय ने तब धमकी देकर कहा कि वह पति को छोड़ दे और उसके साथ रहे अन्यथा वह उसे मार देगा। उर्मिला का कहना है कि इसके बाद गुड़िया ने ऐसा कुछ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिला अस्पताल से उसे प्रयागराज ले जाया गया। बाद में गुड़िया की मौत हो गई। रैपुरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया कि इस दौरान भी अजय का फोन गुड़िया के नंबर पर आया, जिसे कई लोगों ने सुना। अधिवक्ता ने बताया कि इसके बाद जब उर्मिला रैपुरा थाने रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो वहां उसकी बात नहीं सुनी गई। परेशान होकर उसने उनके माध्यम से सीजेएम कोर्ट में गुहार लगाई।

सीजेएम ने राजेंद्र प्रसाद भारती ने इस संबंध में संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश दिया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय को कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

### अक्सर दर्ज नहीं होती थानों में रिपोर्ट

- अधिवक्ता रुद्र प्रसाद ने आरोप लगाया कि अक्सर जिले के थानों में महिला उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज नहीं की जातीं। शासन के सख्त निर्देशों के बाद भी पीड़ित अक्सर कोर्ट की शरण लेने पर मजबूर होते हैं।

## सुरेंद्रपाल ग्रामोदय के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सीतापुर चित्रकूट। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के बच्चों ने कक्षा आठवीं तथा कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। कक्षा आठवीं में 95 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों व पांचवीं में लगभग 87 प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है।

विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य अंशुमान पाठक ने सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आठवीं में आस्था पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रद्धा यादव द्वितीय व रिया सिंह ने तृतीय स्थान पाया। कक्षा पांच में अंग्रेजी संभाषण की कक्षाओं में आदित्य कुमार सोनी ने प्रथम, शिवा सिंह ने द्वितीय तथा रवी राज प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों में कृष्णा प्रजापति ने प्रथम, अनन्या देवी ने द्वितीय एवं अंशिका देवी ने तृतीय स्थान अर्जित किया।



आस्था।



आदित्य।



शिवा।

## खोया मोबाइल मालिक को लौटाया

चित्रकूट। ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक आरक्षी ने ड्यूटी के दौरान मिले मोबाइल को उसके मालिक का पता कर वापस लौटाया। राजापुर में नियुक्त आरक्षी प्रदीप कुमार को रात में ड्यूटी के दौरान लूपलाइन के पास मोबाइल पड़ा हुआ मिला। पता चला कि मोबाइल इजाजुल खान निवासी कमासिन (बांदा) का है। मोबाइल को इजाजुल खान के सुपुर्द किया गया। इजाजुल ने पुलिसकर्मी का आभार जताया।

# विकास के दावों को नकारती रामपुर की बदहाल सड़क



यह हाल है रामपुर की सड़क का।

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर की मुख्य सड़क की तस्वीर विकास कार्यों को ठेंगा दिखाती नजर आती है।

गांव के लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत रामपुर में गर्मी में भी बरसात की तरह सड़क कम, दलदल ज्यादा नजर आते हैं। पैदल चलना जोखिम भरा हो चुका है। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और स्कूली बच्चों, बुजुर्गों का निकलना किसी चुनौती से कम नहीं। गांव में आयेदिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं, गांव में बदहाल खुली नाली, बहते गंदे पानी से गर्भवती महिलाओ के लिए एंबुलेंस या आग लगने पर दमकल की गाड़ी बड़ी मुश्किल में आ पाती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश, आशीष, कुलदीप नामदेव, रजनीश आदि ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूर होकर ग्रामीण आंदोलन कर सकते हैं।


**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सत्येन्द्र कुमार उर्फ रवि व पुत्रवधू अन्नपूर्णा उर्फ पूजा पत्नी सत्येन्द्र कुमार उर्फ रवि के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार, नाते रिश्तेदारों का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **रामादेवी पत्नी स्वर्गीय रामस्वरूप निवासी– ग्राम– रठगांव, थाना– बिधूना, तहसील– बिधूना, जिला –औरैया।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत – मुड़गांव वि०ख० – मोहम्मदाबाद, जनपद– फर्रूखाबाद**

कार्या० ग्रा०पं०/मुडगांव/पत्रांक 0005/पंचम वित्त/ पंद्रहवां वित्त – दिनांक: 27/03/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम वित्त/पंद्रहवां वित्त/राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडगांव वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद–फर्रूखाबाद द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्य पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 27–03–2026 से 02–04– 2026 तक अपरान्ह 4:00 बजे ग्राम प्रधान व सचिव के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से 500.00 रुपए नकद देकर प्राप्त किए जा सकते हैं।

| क्र0 | कार्य का नाम | सामग्री लागत | जमानत राशि | टेंडर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सेवाराम के घर से पंचकिशोर के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 136889.00 | 2% | 500.00 रुपए |

श्री राम नरायन सिंह, ग्राम प्रधान – ग्रा0पं0– मुडगांव, वि0ख0 – मोहम्मदाबाद, जनपद – फर्रूखाबाद

श्री संजय सक्सेना, सचिव – ग्रा0पं0– मुडगांव, वि0ख0 – मोहम्मदाबाद, जनपद – फर्रूखाबाद


# गर्मी में गोवंशों को छुट्टा न छोड़ें गौशालाओं में लगाएं पंखे

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** डीएम पुलकित गर्ग ने कहा कि इस बार गर्मी में गोवंशों को छुट्टा नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशालाओं में पंखे की व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी ने जिले की गौशालाओं में व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों में शेड, चरही, पेयजल, भूसा घर व विद्युत आपूर्ति आदि की व्यवस्था रहे। गोवंशों को खुले में नहीं छोड़ा जाएगा, इसलिए शेड को ठंडा रखने के लिए बोरा, सरपत, पुआल आदि से ढका जाए और शेड में स्प्रिंकलर की व्यवस्था कर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। डीएम ने गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा संग्रहण पर विशेष जोर दिया। निर्देश दिए कि रबी फसल कटाई के दौरान अप्रैल से अभियान चलाकर किसानों से भूसा दान प्राप्त किया जाए। वर्ष भर के लिए सुरक्षित भंडारण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गोशालाओं में एकत्रित गोबर की खाद किसानों को दें और उसके बदले भूसा प्राप्त कर अधिक से अधिक भूसा संग्रहण किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई की जाए, जिससे ग्रीष्म ऋतु में गोवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बीडीओ, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि रहे।






आस्था | शोभा यात्रा के दौरान जगह–जगह प्रसाद का वितरण किया गया

# धूमधाम से मना मर्यादा पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव



शोभायात्रा में शामिल एक झांकी। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में यमुनोत्री के तट पर तुलसी जन्म कुटीर में प्रभु श्रीराम का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व सुनील मिश्रा ने पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में भगवान राम, सुग्रीव और भगवान शिव के दरबार की झांकियों की व्यापारियों ने पूजा अर्चना की। जगह जगह प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में सभासद शंकर दयाल जायसवाल, रमन मोदनवाल, चमन रैकवार, राधेश्याम सोनी, हरिमोहन सोनी, प्रशांत तिवारी, प्रशांत द्विवेदी, सोमनाथ अग्रवाल, मन्नू सोनी, सुशील द्विवेदी, अशोक सोनी, उमेश सोनी, गंगा प्रसाद पांडेय, हिमांशु, हिमांशु द्विवेदी आदि शामिल रहे।

## प्रभु राम की बाल कथा सुन भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

सीतापुर (चित्रकूट)। श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा के तत्वाधान में विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा में वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने सातवें दिन भगवान भोलेनाथ और कागभुशुंडी द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बाल स्वरूप के दर्शन करने की कथा का प्रसंग का रसपान कराया। बताया कि प्रभु श्री हरि नारायण जब अयोध्या नरेश राजा दशरथ के यहां रामरूप में जन्म लेते हैं तो भगवान शिव के हृदय में प्रभु राम के बाल स्वरूप के दर्शन की इच्छा जागृत होती है । भगवान भोलेनाथ राम के स्वरूप, लीला और महिमा को भली-भांति जानते थे, फिर भी उनके मन में एक दिन प्रभु के बाल रूप के दर्शन करने की तीव्र इच्छा जाग उठी। यह इच्छा इतनी प्रबल थी कि वे स्वयं को रोक न सके। भगवान भोलेनाथ ने सोचा कि वे सीधे अपने दिव्य स्वरूप में जाएंगे तो लोग उन्हें पहचान लेंगे और बाल राम की सहज लीला में व्यवधान हो सकता है। इसलिए उन्होंने अपना भेष बदलकर जाने का निश्चय किया। दोनों साधु के वेश में अयोध्या पहुंचे। बालक राम की चंचल आँखें, मधुर मुस्कान और उनकी निष्कपट लीला देखकर भगवान शिव का हृदय प्रेम से भर गया। कथा का यह प्रसंग सुन श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गए।



कथा सुनाते राजेंद्र दास महाराज।

